4 **रायपुर संभाग** महतारी वंदन योजना, महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए...

6 **अभिमत** अटल संकल्पों के साथ सुशासन की राह साय सरकार

09 **छत्तीसगढ़** निगम स्वामित्व के करोड़ों की जमीन, अधिकारियों ने ...

10 **छत्तीसगढ़** अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-124 मूल्य 3.00 ₹

भाजपा विधायक के मंच पर फेंकी गई पेट्रोल से भरी बोतल, बाल-बाल बचे विधायक साहू

पेट्रोल से भरी फेंकी गई बोतल

मंच पर बैठे भाजपा विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि

घायल युवक

दिनेश दुबे ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गुरु घांसीदास जयंती कार्यक्रम के दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पर जानलेवा हमले की कोशिश करने की घटना सामने आई है। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बता दें कि जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलो मीटर दूर ग्राम चारभांठा में गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बेमेतरा विधायक दीपेश साहू रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इस दौरान मंच में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम चल ही रहा था, विधायक दीपेश साहु मंच पर मौजूद थे। इसी बीच मंच के बाजु से अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा शराब की बोतल में पेट्रोल भरकर मंच में फेंककर विधायक दीपेश साहू पर जानलेवा हमले की कोशिश की। लेकिन गनीमत रही की पेट्रोल से भरी बोतल विधायक साहू पर नहीं पड़ी। बल्कि कार्यक्रम में ध्वनि विस्तार यंत्र साउंड ऑपरेट कर रहे युवक पवन मिर्चे के सर में जा लगी, जिससे युवक के सिर में गंभीर रूप चोटे आई है, युवक लहू-लुहान हो गया। जिसको आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर के पास ले गया। लेकिन विधायक दीपेश साहू इस घटना के बाद भी समारोह में अपने विचारों को व्यक्त किया। उसके बाद वह वहां से रवाना हुए। बहरहाल अभी तक इस घटना के संबंध में किसी नेता या अधिकारी ने कोई अधिकृत जानकारी नहीं प्रदान की है। लेकिन उक्त घटना के बाद एक बार फिर सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है। जब सत्ताधारी दल के विधायक के ऊपर बेखौफ अपराधी इस तरह की घटना को अंजाम देने का मंशूबा रखते है, तो आम पब्लिक कितनी सुरक्षित है?

पूर्व मंत्री का दबदबा बरकरार, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर चेंबर के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

बेमेतरा। कलेक्टर चेंबर के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और बेमेतरा जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह घटना साजा विधायक ईश्वर साहू के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार एक कांग्रेस कार्यकर्ता, अंजोर यदु द्वारा साजा विधायक के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट किया था, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस पर प्रतिक्रिया दी और कार्रवाई की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस विवादित पोस्ट को लेकर शिकायत दर्ज की गई थी और पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को जमानत मिल गई। भाजपा कार्यकर्ता इससे नाराज हो गए और कलेक्टर चेंबर के बाहर देर रात तक हंगामा करते रहे। उनके हाथों में पोस्टर थे और वे जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उनका आरोप है कि एक पूर्व मंत्री के हस्तक्षेप के बाद यह मामला पलट गया और आरोपी को जेल भेजने के बजाय जमानत दे दी गई। इस घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर नाराजगी देखी गई। मामले में एक ओर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की, तो वहीं दूसरी ओर पूर्व मंत्री की हार के बावजूद उनके दबदबा कायम होने की बात छनकर सामने आई है। बताया जाता है कि कलेक्टर बेमेतरा, रणबीर शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद इस मामले पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के आश्वासन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना धरना समाप्त किया। लेकिन घटना को लेकर राजनीतिक चर्चा छिड़ी हुई है। बहरहाल दोतरफा दबाव के बाद प्रशासन क्या निर्णय लेता है? यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

क्विक न्यूज

पटवारी और कोटवार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

दुर्ग। जिले के पाटन क्षेत्र में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पटवारी और कोटवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रानीतराई निवासी प्रकाश चन्द्र देवांगन की शिकायत के आधार पर की गई, जिन्होंने एसीबी रायपुर में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। बता दें कि प्रकाश चन्द्र देवांगन ने बताया कि उन्होंने उनकी माता के नाम से ग्राम सुरपा, तहसील पाटन में कृषि भूमि खरीदी थी। इस जमीन के प्रमाणीकरण और ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए पटवारी चिन्मय अग्रवाल ने 90,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

महतारी वंदन योजनाः एक और फर्जीवाड़ा आया सामने

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना में एक और जालसाजी का मामला बस्तर जिले के टलनार पंचायत में सामने आया है। विधायक प्रतिनिधि ने अपने ही परिवार की तीन महिलाओं के नाम से आवेदन भरवा कर हर माह तीन-तीन हजार रुपये उठा रहा था। तीनो महिलाओं का आवेदन फर्जी निकला है। ये तीनों महिलायें अविवाहित हैं। महतारी योजना में गलत दस्तावेज लगाकर उठायी जा रही थी राशि। जिला कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर इस मामले की जांच के आदेश दे दिये गये।

माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा करोड़ो की धोखाधड़ी, कार्रवाई

रायपुर। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल से हो रहे माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा महिलाओ के साथ करोड़ो रु की ठगी/ धोखाधड़ी पर रोकथाम हेतु यह मुद्दा उठाया था। जिस पर कानूनी रूप से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के जिलों में अपराधों पर रोकथाम हेतु ठगी/ धोखाधडी के संबध में जिले के सभी बैंको कि शाखा प्रबंधकों कि मीटिंग लेकर निर्देश दिया गया है इसके साथ ही सायबर सेल के माध्यम से सतत निगाह रखी जा रही है।

शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, धातु और पावर समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर आज गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 67.30 अंक टूटकर 78,472.87 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 25.80 अंक फिसलकर 23,727.65 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।

अटल जी के सपनों को पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से कर रही है काम : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर को जन्मदिन पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशती है।अटल जी का छत्तीसगढ़ से और छत्तीसगढ़ के लोगों से हमेशा आत्मीय लगाव रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में अटल जी की भूमिका को याद करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास और यहां के लोगों की समृद्धि के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। अटल जी के सपनों को पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार बड़ी तेजी से काम कर रही है। छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। हमने अटल जी की स्मृति में इस रजत जयंती वर्ष को 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत राज्य में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल जी कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ एक ओजस्वी वक्ता और कवि हृदय सरल व्यक्तित्व थे। अटल जी की याद में उनका जन्मदिन 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अटल जी का सपना था - एक सशक्त, समृद्ध और खुशहाल भारत। उसी सपने को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ आज शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर हम सभी को अटल जी के दिखाए रास्तों पर चलकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान देकर अटल जी के स्वर्णिम भारत के स्वप्न को पूर्ण करने में सहभागी बनने के लिए दृढ़संकल्पित होना चाहिए।

शाह दस हजार नवनिर्मित बहुद्देशीय कृषि सहकारी समिति राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में 10,000 से अधिक नवनिर्मित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (एम पैक्स), डेयरी और मत्स्य पालन समितियां राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार शाह नवगठित सहकारी समितियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र, रूपे किसान क्रेडिट कार्ड और माइक्रो एटीएम वितरित करेंगे। ये वित्तीय उपकरण पंचायतों को क्रेडिट सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने और वित्तीय समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, ताकि ग्रामीण आबादी योजनाओं का लाभ उठा सके और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में भाग ले सके। कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज्य मंत्री, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, अनेक वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। सहकारिता मंत्रालय हर पंचायत में सहकारी समितियों की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि स्थानीय स्तर पर विकास और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध हो सकें। नए एम-पैक्स के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता से जुड़ी संस्थाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश जायेंगे और खजुराहो में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के दृष्टिकोण से देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लाखों किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही, जलविद्युत परियोजनाएं हरित ऊर्जा में 100 मेगावाट से अधिक का योगदान देंगी। इस परियोजना से रोजगार के कई अवसरों का सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। वह 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे। ये भवन स्थानीय स्तर पर सुशासन के लिए ग्राम पंचायतों के कार्य और जिम्मेदारियों के व्यावहारिक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा की आत्मनिर्भरता और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के सरकार के मिशन में योगदान देगी। यह जल वाष्पीकरण को कम करके जल संरक्षण में भी मदद करेगी।

केन्द्र ने पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 1598.80 करोड़ रूपये की किस्त जारी की

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 1598.80 करोड़ रुपये के असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त जारी की है। ये धनराशि राज्य की सभी पात्र 75 जिला पंचायतों, सभी पात्र 826 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 57691 ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान आंध्र प्रदेश में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष 2024-25 के असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त 420.9989 करोड़ रुपये के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए असंबद्ध अनुदान की पहली किस्त की धनराशि 25.4898 करोड़ रुपये भी जारी की गई है। यह धनराशि राज्य की 13097 विधिवत निर्वाचित ग्राम पंचायतों, 650 विधिवत निर्वाचित ब्लॉक पंचायतों और सभी 13 पात्र जिला पंचायतों के लिए आवंटित की गई है। सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवें वित्त अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। आवंटित अनुदान को वित्तीय वर्ष में 2 किस्तों में जारी किया जाता है। संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के अंतर्गत, वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा स्थल-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए असंबद्ध अनुदान का उपयोग किया जाएगा।

सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करेंः धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश विरोधी ताकतों द्वारा संवैधानिक संस्थानों को ईंट-दर-ईंट कमजोर करने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुये कहा कि सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करनी चाहिये और मेरे खिलाफ लाया गया नोटिस तो सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था, उसमें तो जंग लगा हुआ था। धनखड़ ने उप-राष्ट्रपति भवन में 'महिला पत्रकार वेलफेयर ट्रस्ट' के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अक्सर मैंने खुद देखा है कि यह प्रयास एक योजनाबद्ध तरीके से उन ताकतों द्वारा किये जाते हैं, जो इस देश के हितों के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं। उनका उद्देश्य हमारे संवैधानिक संस्थानों को ईंट-दर-ईंट कमजोर करना, राष्ट्रपति पद को कलंकित करना है। और सोचिये, राष्ट्रपति कौन हैं? इस देश की पहली आदिवासी महिला जो राष्ट्रपति बनीं हैं। उप-राष्ट्रपति ने अपने खिलाफ़ लाये गये नोटिस पर पहली बार टिप्पणी करते हुये कहा, उप-राष्ट्रपति के खिलाफदिये गये नोटिस को देखिये। उसमें दिये गये छह लिंक को देखिये। आप हैरान हो जायेंगे। चंद्रशेखर जी ने एक बार कहा था, 'सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी कभी नहीं करें। यह नोटिस तो सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था, वह तो जंग लगा हुआ था। इसमें जल्दबाजी की गयी। जब मैंने इसे पढ़ा तो मैं स्तब्ध रह गया। लेकिन मुझे और अधिक आश्चर्य तब हुआ जब पाया कि आपने इसे नहीं पढ़ा।

राहुल गांधी का महंगाई को लेकर सरकार पर कड़ा हमला

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ज़रूरी वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों को लेकर सरकार पर कड़ा हमला किया और कहा कि मोदी सरकार की नीति आम जनता विरोधी है इसलिए महंगाई रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। गांधी ने कहा कि महंगाई के कारण आम आदमी का बजट गड़बड़ा गया है और जरुरी वस्तुओं के दाम सामान्य आदमी की पहुंच से बाहर हो गये हैं। सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कोई पहल नहीं कर रही है और वह आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने में विफल हो रही है। गांधी ने गिरी नगर में हनुमान मंदिर के पास सब्जी मंडी में सब्जियों की कीमतों को लेकर लोगों से बात की और कहा कि सरकार महंगाई नहीं रोक पा रही है तथा महंगाई के कारण आम आदमी का जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने कहा लहसुन कभी 40 रुपए था, आज 400 रुपए पर है। बढ़ती महंगाई ने बिगाड़ा आम आदमी की रसोई का बजट - कुंभकरण की नींद सो रही सरकार। नेता विपक्ष ने सब्जी मंडी में ग्राहकों के साथ ही सब्जी विक्रेता दुकानदारों से भी बातचीत की। उन्होंने बढ़ती महंगाई से त्रस्त आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। उनका कहना था कि आज देश में भीषण महंगाई के बीच लोग अपनी ज़रूरत की छोटी- छोटी चीजों पर समझौता करने को मजबूर हैं।

अब तक 50 से ज्यादा हो चुकी है सफल रोबोटिक सर्जरी

श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने किया पेंक्रियाज के कैंसर का रोबोट से ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक और डॉ. पुष्पेंद्र नायक के नेतृत्व में 26 वर्षीय मरीज के पेंक्रियाज में मौजूद गाठ का रोबोट की मदद से सफल ऑपरेशन किया गया। गैस्ट्रो, रोबोटिक और लीवर ट्रांस्प्लांट सर्जन डॉ पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि अस्पताल में 26 वर्षीय एक महिला मरीज पहुंची, उन्हें करीब 1 महीने से पेट में दर्द था। यहां स्क्रिनिंग के बाद पता चला कि मरीज के पेंक्रियाज में करीब 8*6 सेंटीमीटर बड़ी एक गांठ मौजूद है। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन की तैयारी की, तो जांच में पाया कि उक्त ट्यूमर ने खून की नसों को भी अपने जाल में ले लिया है, जिसके कारण लेप्रोस्कोपिक तरीके से ऑपरेशन में भी कई प्रकार की दिक्कतें आएगी और मरीज के शरीर से खून के रिसाव समेत अन्य जटिलताएं भी बढ़ जाएगी। यही कारण है कि डॉक्टरों ने रोबोट की मदद से ऑपरेशन की पूरी तैयारी की. डॉ पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि लेप्रोस्कोपिक तरीके से ऑपरेशन में 3 डिग्री में ऑपरेशन हो सकता है, लेकिन रोबोटिक ऑपरेशन में डॉक्टर फिजिक्स के मुताबिक 7 डिग्री मूवमेंट कर के ऑपरेशन कर सकते है। करीब साढ़े 3 घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरे तरीके से स्वस्थ्य है, और वह ऑपरेशन के 3-4 दिन बाद अपनी सामान्य दिनचर्या में मरीज लौट गई। बता दें कि श्री बालाजी अस्पताल में अब तक 50 से अधिक रोबोटिक सर्जरियां की जा चुकी है।

रोबोटिक ऑपरेशन के फायदे

डाक्टरों ने बताया कि इस पद्धति से सर्जरी के दौरान बेहतर दृश्यता, कम रक्त का बहना, लेप्रोस्कोपिक से भी छोटा निशान, वहीं अस्पाताल से जल्द डिस्चार्ज कर दिया जाता है।

रोबोट नहीं करता सर्जरी, रोबोट की मदद से डॉक्टर करते है सर्जरी

डॉ. पुष्पेंद्र नायक कहा कि रोबोटिक सर्जरी को लेकर मरीजों एक भ्रांती है कि सर्जरी रोबोट करता है। लेकिन ऐसा नहीं है। सर्जरी रोबोट नहीं करता, बल्कि रोबोट की मदद से सर्जरी डॉक्टर करते है। इसके तकनीकी भाषा में रोबोट असिस्टेंट सर्जरी (आरएएस) कहा जाता है। ये एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसमें सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए रोबोटिक हाथ जैसे उपकरणों का प्रयोग किया जाता है। ये पूरे तरीके से सर्जरी करने वाले डॉक्टर के नियंत्रण में होता है। वहीं पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने रोबोटिक सर्जरी में सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में पूछा जिसमें जवाब देते हुए डॉ पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि इसके लिए 2019 में एक्ट लाया गया है। लेकिन कई इंसोरेंस कंपनियां इसको कवर नहीं करती। जबकि आने वाला समय रोबोटिक सर्जरी का ही होगा। इसलिए इसके लिए सरकारी प्रावधान होने से ज़्यादा से ज़्यादा लाभ आम लोगों को मिल सकेगा।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोप किये खारिज

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से लेकर मतदान प्रतिशत में गड़बड़ी के कांग्रेस पार्टी के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि आयोग ने कांग्रेस के दावों की विस्तार से जांच की है और पार्टी द्वारा लगाये गये आरोप निराधार हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस को लिखे पत्र में उसके सभी दावों तथा आरोपों का तथ्यों के आधार पर विस्तार से जवाब दिया। आयोग ने कहा है कि महाराष्ट्र में चुनाव से पहले मतदाता सूची में जानबूझकर न तो नाम जोड़े गये हैं और न ही हटाये गये हैं।

बाजपेयी की 100वीं जयंती पर सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का होगा भूमिपूजन

रायपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती पर आज राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इसका भूमिपूजन करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव बिल्हा नगर पंचायत में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश के सभी नगरीय निकाय इन दोनों कार्यक्रमों से वर्चुअली जुड़ेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृतियों और उनके उल्लेखनीय कार्यों को सहेजने के लिए राज्य के सभी 187 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका तथा 123 नगर पंचायत शामिल हैं।

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर जेपीसी की पहली बैठक 8 जनवरी को

नई दिल्ली/वार्ता। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'एक देश एक चुनाव' से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024, जिसे एक देश, एक चुनाव विधेयक के नाम से जाना जाता है के पारित होने के बाद लोकसभा के साथ-साथ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के के चुनाव एक साथ कराये जा सकेंगे। यह विधेयक शीतकालीन सत्र के संपन्न होने से पहले लोकसभा में पेश किया गया था और सत्र के अंतिम दिन इसे संयुक्त संसदीय समिति में भेज दिया गया था। सूत्रों के अनुसार इस समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। समिति के 39 सदस्यों में से 27 लोकसभा के तथा 12 राज्यसभा के हैं। समिति को अगले संसद सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है। समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता पीपी चौधरी हैं। इसके अन्य सदस्यों में अनुराग सिंह ठाकुर और परषोत्तमभाई रूपाला, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और मनीष तिवारी, टीएमसी के कल्याण बनर्जी, एनसीपी की सुप्रिया सुले और लोकसभा के अन्य सदस्य शामिल हैं।

25 रजत जयंतोत्सव छत्तीसगढ़

सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

छत्तीसगढ़ शासन

सुशासन दिवस

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी

को कोटि-कोटि नमन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संवाद- 42538/61

छत्तीसगढ़ के गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार: केदार कश्यप

38 करोड़ से अधिक के 203 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने दी बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकारों द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का लगातार क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने दोरनापाल स्थित रेस्ट हाउस प्रांगण में लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान 203 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया, जिनकी कुल लागत लगभग 38 करोड़ 46 लाख रुपए है। मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि 55 कार्यों का लोकार्पण किया गया है, जिनकी लागत 11 करोड़ 55 लाख 96 हजार रुपये है, जबकि 148 कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिनकी लागत 26 करोड़ 90 लाख 76 हजार रुपए है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सुकमा जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत सीधे उनके खातों में आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और वनाधिकार पत्र जैसी योजनाओं के जरिए लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि हर गांव तक पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

हितग्राहियों दिए प्रमाण पत्र

कार्यक्रम के दौरान मंत्री कश्यप ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के माध्यम से हितग्राहियों को सब्जी- बीज वितरण किया। इसके अलावा बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राही को प्रतीकात्मक रूप से 1 लाख 15 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, एएपी अभिषेक वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, नुपुर वैदिक, पी. विजय, कोरसा सून्नू, अरूण सिंह भदौरिया, सोयम मूका, विकास मरकाम, अरुण सिंह भदौरिया, अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाया

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गकोंदल, अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हाई स्कूल मैदान महतारी वंदन के हितग्राहियों का सम्मान के साथ-साथ अनेक कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा सरकार की योजना अच्छा है पर सरकार ने सत्ता में आने के पहले सभी महिलाओं को महतारी वंदन में लाभ देने की बात कही थी। इसे देना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वाचन किया और कहा कि सरकार की इस योजना से महिलाओं को लाभ मिल रहा है। इससे महिलाएं अपने जरूरी काम मे लगा रही है। कई पोषक माता पोषण आहार लें रही है इससे अपने स्वास्थ्य को अच्छा कर रहे है। कई महिलाओं ने इस राशि का कैसे उपयोग कर रहे है बताया।विशेष अतिथि जनपद सदस्य मनीषा निशांत ठाकुर, कमलेश निषाद, झाड़ू राम मंडावी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पाण्डे,अरविंद जैन मंडल,डिगेश, खापर्डे, जितेंद्र पांडे, राजीव श्रीवास, ज्वाला प्रसाद जैन जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत ममता सुखदेव परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग भानुप्रतापपुर के द्वारा विभाग में चलाया जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। नरोत्तम चौहान द्वारा बाल विवाह रोकथाम शपथ दिलाया गया।

इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा 6 गर्भवती माता की गोद भराई की गई। 5 बच्चों का मुंह जुठाई, कार्यक्रम किया गया। द्वितीय बालिका को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सम्मानित किया गया। दो बच्चे जो कुपोषण से सुपोषण हुए उनका सम्मान किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिलाओं का कुर्सी दौड़ आदि कार्यक्रम किया गया विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महतारी वंदन के हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। माता के द्वारा बताया गया की 1000 राशि का उपयोग वह अपने स्वास्थ्य एवं परिवार को चलाने में किया जा रहा है। एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी दुर्गुकोंदल आर वट्टी गंगा पोया परियोजना अधिकारी चारामा, तीनों ब्लॉक के सभी पर्यवेक्षक गण तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समूह की महिलाएं एवं महतारी वंदन से लाभान्वित माताएं बृहद रूप में उपस्थिति रही।

राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी: मणिपुर ओडिशा को हराकर बनी चैंपियन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

राजमाता जीजाबाई फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर ने 1-0 से ओडिशा को हराकर 23वी बार ट्रॉफी अपने नाम किया। पिछले 15 दिनों से रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर चला राजमाता जीजाबाई 29वी महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में 21 दिसंबर को ओडिशा ने पिछले साल के रनर हरियाणा को हराकर और मणिपुर ने बंगाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई और रोमांचक फाइनल मुकाबला देखने को मिला है। मणिपुर-ओडिसा के बीच राजमाता जीजाबाई सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मैच में मणिपुर ने ओडिशा को एक गोल से हराकर 23वीं बार ट्रॉफी जीती। प्लेयर ऑफ द मैच मणिपुर के जर्सी नंबर 4 हेमम सिल्की देवी को दिया गया। खेल के 55वे मिनट पर मणिपुर के ओर से जर्सी नंबर 17 असेम रोजा देवी के एकमात्र गोल से मणिपुर चैंपियन बनने में सफल रही। फाइनल मैच का उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी उपस्थित थे और प्लेयर से हाथ मिलाकर मैच का शुभारंभ किया। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में एम रतन कुमार, अध्यक्ष ऑल मणिपुर फुटबॉल एसोसिएशन और सदस्य एआईएफएफ, स्वामी व्याप्तानंदजी महाराज, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर, डॉ. जी.डी. गांधी, जनरल महासचिव, छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन, मोहनलाल, सहायक जनरल सेक्रेटरी, बिपिन मांझी, कलेक्टर नारायणपुर, पद्मश्री धर्मपाल सैनी, माता रुक्मणी सेवा संस्थान, डिमरापाल, मुस्ताक अली प्रधान, उपाध्यक्ष, सीएफए, अशोक उसेंडी, उपाध्यक्ष, सीएफए, रवि मंडल, उपाध्यक्ष सीएफए उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के बाद पद्मश्री धरम पाल सैनी, पद्मश्री ओइनाम बेम्बेम देवी, एम रतन कुमार, अध्यक्ष ऑल मणिपुर फुटबॉल एसोसिएशन और सदस्य एआईएफएफ को भी रामकृष्ण आश्रम और छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के ओर से सम्मानित किया गया।

सर्व आदिवासी समाज ने किया केंद्रीय गृहमंत्री अमित को मंत्री मंडल से हटाने की मांग

प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहेब आंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री मंडल से हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय इकाई बस्तर के निर्देशन पर बीजापुर में समाज प्रमुखों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। सर्व आदिवासी समाज के जिला उपाध्यक्ष पाकलु तेलम ने बताया कि मोदी मंत्री मंडल के गृहमंत्री द्वारा सत्र के दौरान संसद भवन में भारत के संविधान की 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष चर्चा के दौरान भारत के संविधान सभा के मुख्य सदस्य डॉ भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को देखकर सुनकर समझकर बहुत ही दुःख हुआ। उक्त टिप्पणी से देश में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग समुदाय अपमानित महसूस करते हुए आक्रोशित हैं। संविधान निर्माता के सन्दर्भ में इस तरह की टिप्पणी करने वाले सांसद को संवैधानिक मंत्री मंडल के सदस्य के रूप में रखने का नैतिक अधिकार नहीं रह जाता है। आंबेडकर के नेतृत्व में संकलित संविधान से देश के करोड़ों दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं एवं वंचित समुदाय के व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हुआ है अतः संविधान निर्माताओं के लिए प्रतिकूल टिप्पणी सर्व आदिवासी समाज जिला- बीजापुर कतई बर्दाश्त नहीं करता है। गृहमंत्री की इस टिप्पणी पर सर्व आदिवासी समाज जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़ घोर निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमित शाह को केंद्रीय मंत्री मंडल से हटाने की मांग करता है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पाकलू तेलम, श्रवण सैंड्रा, पांडू तेलम, सतीश मंडावी, लक्ष्मण कड़ती, सतनामी समाज से कल्याण सिंह कुर्रे सहित अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

ग्राम बुदेली में आयोजित होगा देव मड़ाई

भानुप्रतापपुर। देव मड़ाई ग्राम बुदेली में बुधवार को आयोजित होगा। इस देव मड़ाई में आस पास भानबेड़ा, मुंगवाल, कुड़ाल, भेजा, हफर्रा, खोरा, तेलम्मा, बरबसपुर, बारवी, चारगांव भोड़ियां, डोगरकट्टा के अंगादेव डांग, डोली देव के साथ गायता, पटेल ,पेनों, मांझी पुजारी, सिरहा गुनिया, आदि भारी संख्या में पहुंचते हैं। यह परम्परा लगभग 100 वर्षों से चली आ रही है। इस देव मड़ाई, दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह दिन बुधवार को आयोजित की जाती है। यही से क्षेत्र में आस-पास की गांवों में देव मड़ाई की शुरूआत होती है। छत्तीसगढ़ी रात्रिकालीन नाचा पार्टी शंकर हरि ग्राम भूरा तरहूल तहसील दुर्गूकोंदल जिला उत्तर बस्तर कांकेर की प्रस्तुति दी जायेगी, इसकी जानकारी सुनाराम तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, देवीसिंह कोर्राम ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख नरेन्द्र कोर्राम, संतूराम नरेटी, आत्माराम कोर्राम, परमेश्वर तेता उपसरपंच मुंगवाल, कंवल सिंह बघेल, रनेसिंह नरेटी, मन्नाराम कोर्राम, लच्छन कावड़े , दिनेश जैन, धर्मेन्द्र कावड़े,धनुजय बघेल निर्धन कोर्राम, रामचंद्र नरेटी खिलेशवर कावड़े आदि ने इसकी जानकारी दी।

ग्राम डुवा में अंडर 20 क्रिकेट प्रतियोगिता 26 दिसंबर से

भानुप्रतापपुर। ग्राम डुवा में कोयतोर क्रिकेट क्लब के द्वारा पांच दिवसीय अंडर 20 ग्रामीणस्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर से किया गया है। जिसमें प्रथम 10000 रुपये दिनेश दुग्गा शिक्षक एवं ट्रॉफी के द्वारा द्वितीय 5000 रुपये लतीफ पिस्दा ग्रा.प. तरहुल सरपंच एवं ट्रॉफी के द्वारा तृतीय 2500 रुपये विनेश दुग्गा, संतलाल दुग्गा इंडियन आर्मी एवं के द्वारा चतुर्थ 1000 रुपये अंजोरी दर्रो सीएएफ एवं ट्रॉफी के द्वारा रखा गया है। जिसमें टीम के सरक्षक लालचन्द दुग्गा, अध्यक्ष लोचन दुग्गा, उपाध्यक्ष मुकेश दुग्गा, संचालक अशोक उइके, दिनेश दुग्गा कप्तान नीलेश्वर दुग्गा, उपकप्तान हेमन्त हिड़को ने जानकारी दी

ग्राम- बोगर में क्रिकेट प्रतियोगिता 27 दिसंबर से

भानुप्रतापपुर। ग्राम बोगर में जीएस क्रिकेट क्लब के द्वारा पांच दिवसीय ग्रामीणस्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27दिसंबर से किया गया है। जिसमें प्रथम 15001 रुपये, द्वितीय 8001 रुपये रखा गया है। इसमें 32 टीमों का एंट्री लिया जाएगा। जिसमें टीम के यशवंत नेताम, छत्रपाल नेताम, खुशांत यादव, ने जानकारी दी जिसमें आपका टीम सादर आमंत्रित है।

नाबालिग पीड़िता के साथ अनाचार कर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

4 दिसंबर को पीड़िता की भाभी ने आरोपी सोयंबर उर्फ सोयम जानी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिक ननंद के साथ शादी का प्रलोभन देकर जबरन दैहिक शोषण किया हैं कि रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376 (2) (ढ), 506, 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी अपने सकुनत से फरार था विवेचना की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव के निर्देशानुसार अनंतपुर पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी सोयंबर उर्फसोयम जानी निवासी ग्राम सोरागुड़ा थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर उड़ीसा को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायालय कोंडागांव के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सुकमा में सुरक्षा बलों ने नक्सल सप्लायर को किया गिरफ्तार

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र में एक नक्सल सप्लायर को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थाना भेज्जी पुलिस एवं 219 वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों के आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया गया। नक्सल सप्लायर से कलर प्रिंटर मशीन बरामद किया गया। कलर प्रिंटर मशीन को कोंटा एरिया कमेटी के बड़े नक्सली नेताओं के कहने पर परिवहन किया जा रहा था।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, 28 दिसंबर को जिला जनपद और ग्राम पंचायतों का आरक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान एवं विभागीय अनुदेश एवं निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है। जिले के ग्राम पंचायत के वार्ड, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्यों का आरक्षण किया जाना है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए वार्ड और पदों का आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसंबर को किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच, वार्ड पंचों का आरक्षण की प्रक्रिया जनपद पंचायत कोंडागांव, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर के सभाकक्ष में 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

जबकि जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पदों के आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 28 दिसंबर 2024 को सुबह 12 बजे से होगी।

महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

कोंडागांव। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एनईपी क्रियान्वयन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ किरण नूरूटी, सदस्य डॉ पुरोहित कुमार सोरी एवं शोभाराम यादव सहित स्वाध्यायी नीति प्रकोष्ठ के संयोजक लोचन सिंह वर्मा एवं समलेश पोटाई ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा का आयोजन होना है। इस परीक्षा के कुल अंकों में से 70 प्रतिशत अंक सेमेस्टर परीक्षा एवं 30 प्रतिशत अंकों हेतु आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का प्रावधान रखा गया है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में संचालित समस्त कक्षाओं हेतु इस आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके पहले स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए भी नियमित विद्यार्थियों की तरह इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें उन्हें क्रेडिट सिस्टम, पुरानी शिक्षा नीति और नई शिक्षा नीति के में मुख्य अंतर, नई शिक्षा नीति में आए परिवर्तन एवं आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा व असाइनमेंट इत्यादि के बारे में विस्तार से समझाया गया था। इस सतत आंतरिक मूल्यांकन में सभी विषयों के 20 प्रतिशत अंक एक टेस्ट और एक क्विज के द्वारा तथा 10 प्रतिशत अंक असाइनमेंट के द्वारा लिये गए। आंतरिक मूल्यांकन समिति के संयोजक डॉ पुरोहित कुमार सोरी ने बताया कि, जिन परीक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय के पोर्टल में बाद में फॉर्म भरा हैं अथवा जिन परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा किसी कारणवश छूट गई हैं। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा उनके लिए शीघ्र ही एक और बार आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा, जिसकी सूचना परीक्षार्थियों को उनके महाविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप के द्वारा दे दी जाएगी और अधिक जानकारी के लिए छात्र छात्राएं महाविद्यालय के सूचना पटल और वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस ने निकाली अंबेडकर सम्मान रैली

इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मंडावी ने कहा- देश बाबा साहब के लिखे संविधान से चलता है

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय बीजापुर में अंबेडकर सम्मान रैली निकाली है। रैली से पूर्व कांग्रेस ने सभा का आयोजन भी किया सभा को जिले भर से आये कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि देश बाबा साहाब के लिखे संविधान से चलता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जिस पद पर आसीन हैं उसके पीछे बाबा साहाब द्वारा लिखा गया संविधान है। उन्होंने सभा में कहा कि भाजपा और भाजपा के नेताओं ने हमेशा बाबा साहाब का अपमान करने का काम किया है उनके द्वारा दिए गए आरक्षण को खत्म करने की बातें की जा रही है। रैली के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह से संसद में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर की गई आपत्तिजनक और तिरस्कारपूर्ण टिप्पणियों पर माफी मांगने और पद से हटाने देने की मांग का ज्ञापन देश के राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर बीजापुर को सौंपा है। राष्ट्पति को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा है कि अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री, के खिलाफ, जिन्होंने डॉ. भीमराव बाबासाहेब आंबेडकर के प्रति अत्यधिक अपमानजनक और तिरस्कारपूर्ण टिप्पणी की है।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी की विरासत और उनके नेतृत्व में बनाए गए संविधान के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखे हुए है। संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजनीतिक और कानूनी लड़ाइयाँ लड़ रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संविधान और इसके द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सत्तारूढ़ शासन द्वारा उल्लंघन न हो। हमारे लिए यह चौंकाने वाली बात है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद जैसे मंच का उपयोग डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने के लिए किया है। संविधान के अंगीकरण की 75 वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा के दौरान, विपक्ष पर हमला करने के जोश में, अमित शाह ने डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर के प्रति अपमानजनक और तिरस्कारपूर्ण टिप्पणी की है। वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणियां अत्यंत आपत्तिजनक हैं और हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के महानतम नेताओं में से एक का अपमान है। डॉ. अंबेडकर जी का हमारे संविधान के रूप में देश की मूल भावना को आकार देने और दलित समुदाय के सदस्यों व अन्य हाशिए पर खड़े समूहों के अधिकारों को सुनिश्चित करने में योगदान व्यापक रूप से प्रलेखित है और इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व्यक्तित्व का अपमान करने का कोई भी प्रयास बिना किसी परिणाम के नहीं छोड़ा जा सकता। इन टिप्पणियों के माध्यम से, अमित शाह और भाजपा ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के सदस्यों को दिए गए आरक्षण के साथ ही उस संवैधानिक ढांचे का भी अनादर किया है जो समाज में उनकी समान भागीदारी के अधिकार को मान्यता और संरक्षण प्रदान करता है। कांग्रेस और उसके सहयोगी लगातार प्रयास कर रहे हैं कि भाजपा नेताओं द्वारा हमारे संविधान की समावेशी और सहिष्णु भावना को हथियाने के प्रयासों को उजागर किया जाए। भाजपा द्वारा किए गए संशोधन अक्सर ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर खड़े और शोषित समुदायों की भलाई और उनके हितों के ख़िलाफ़होते हैं। राष्ट्र निर्माण और विकास में इन समुदायों के योगदान की गहराई से समझ के लिए, कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पूरे देश में जाति सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव रखा था, जिसका भाजपा, उसके नेतृत्व और उनके सहयोगियों ने जोरदार विरोध किया है। राष्ट्रपति को सौंपे गए ज्ञापन में आगे कहा गया है कि समुदायों और उनके अधिकारों की सुरक्षा की आवश्यकता को समझने के बजाय, भाजपा ने केवल कांग्रेस और उसके नेतृत्व को बदनाम करने के प्रयास किए हैं। भाजपा ने अपमानजनक शब्दावली का उपयोग किया है और कांग्रेस के बारे में झूठी और भ्रामक कहानियों का प्रचार किया है। हालांकि, अब यह हद से आगे बढ़ चुका है। हम अब ऐसी स्थिति में हैं जहां स्वयं केंद्रीय मंत्री ने डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर पर व्यक्तिगत हमला करने का सहारा लिया है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा है कि राष्ट्र के संस्थापक ने भारत को एक ऐसा देश के रूप में कल्पना की थी जो अपने विभिन्न निवासियों का सम्मान करता है। चाहे उनकी जाति, धर्म, लिंग, रंग, जन्मस्थान आदि कुछ भी हो। किसी को भी ऐसी लापरवाह और गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियों की अनुमति नहीं दी जा सकती, खासकर हमारे देश के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी जैसे महान नेता पर की गई ये टिप्पणियां हमारे देश की समन्वयात्मक नींव के लिए हानिकारक हैं। अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणियों को बड़े पैमाने पर जनता विरोध कर रही है, विशेष रूप से दलित समुदाय के सदस्य और नेता, जिन्होंने अमित शाह की टिप्पणियों की निंदा की है। डॉ. अंबेडकर की प्रतिष्ठा और भारत के नागरिकों से प्राप्त सम्मान को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अमित शाह की टिप्पणियों ने लाखों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है।

केन्द्रीय रेशम बोर्ड
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
बीटीएम लेआउट, मंडीवाला, बेंगलुरू-560 068, कर्नाटक
फोन: +91 8026282699, फैक्स: +918026681511 ई-मेल: estab.csb@nic.in

विज्ञापन संख्या सीएसबी/03/2024 दिनांक : 27.12.2024

// विस्तार संबंधी सूचना //

केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए अधिसूचना सं. सीएसबी/03/2024 दिनांक 12.10.2024 प्रकाशित की थी जो 12-18 अक्टूबर, 2024 के रोजगार समाचार में छपी थी। सूचनार्थ यह बताया जाता है कि विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.01.2025 तक बढ़ी दी गई है।

विवरण के लिए, सीबीसी की वेबसाइट : www.csb.gov.in देखें

CBC: 41109/12/0022/2425 केन्द्रीय रेशम बोर्ड

महतारी वंदन योजना, महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित किया हैढ्ढ इस योजना के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000/- रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। माताओं-बहनों के स्वाभिमान, सम्मान और उन्हे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य लेकर हमारी भाजपा सरकार काम कर रही है। उक्त बातें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाटापारा शहर के नगर भवन में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताओं-बहनों को सम्मानित कर अपने विचार साझा करते हुए कही. शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आई। आज प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है, हमारी सरकार द्वारा लागु की गई महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार किसान ,गरीब,आम जनता, महिलाओं, युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत राज्य सरकार ने एक वर्ष के भीतर ही अपने बहुत से वायदों को पूरा किया है और आने वाले समय में भी हमारी सरकार ने जितने भी वादे किये हैं वो भी इसी प्रतिबद्धता से पूर्ण होंगे। शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित माताएं-बहने उपस्थित थे।

मिनी गोल्फ तमिलनाडु में खेलेंगे रजपालपुर के 6 खिलाड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु मिनी गोल्फ एसोसिएशन द्वारा आयोजित 10 वीं जूनियर और सब जूनियर मिनी गोल्फ नेशनल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक सेंट जॉन नेशनल एकेडमी स्कूल सालेम तमिलनाडु में किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्राम रजपालपुर के 6 बच्चे 26 दिसंबर से रायपुर से रवाना हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार सब जूनियर गर्ल्स में एंजेल पटेल, दिशा पटेल ,संस्कृति चौधरी एवं प्राची चौधरी खेलेंगे। इसी प्रकार सब जूनियर ब्वॉयज में रेहान पटेल खेलेंगे। वहीं जूनियर ब्वॉयज में हर्षवर्धन पटेल खेलेंगे। कोच नीलसागर पटेल रजपालपुर है जो तमिलनाडु में छत्तीसगढ़ के इन खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देंगे। इन बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए रजपालपुर सरपंच प्रेमलाल नायक और सचिव पुष्पेंद्र ने प्रोत्साहन राशि भेंट कर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

मुख्यमंत्री निवास घेराव में शामिल हुए सैकड़ो एनएसयूआई कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस के तत्वाधान में मुख्यमंत्री निवास घेराव किया गया जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ हजारों कार्यकर्ताओं शामिल रहे। इस घेराव में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा के 1 साल के शासन में प्रदेश में केवल अपराध, नशाखोरी और भ्रष्टाचार में ही वृद्धि हुई है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध और नशे के गर्त में फेकने का काम किया है, जिसके खिलाफ युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर विष्णुदेव साय को सत्ता की गहरी नींद से जगाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम मे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ तेजप्रताप साहू, पारस मनी साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, त्रिभुवन मंडावी, अरविन्द यादव, सुदीप सिन्हा, चीतेन्द्र साहू, तेज प्रकाश साहू, उदय साहू, राकेश नेताम, उमेश, इंदर साहू, विवेक कतलाम, देवेन्द्र सिन्हा सहित सैकड़ो की संख्या मे एनएसयुआई कार्यकर्ता शामिल रहे।

श्री संगीतमय सुंदरकांड समिति के स्थापना दिवस पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

श्री संगीतमय सुंदरकांड समिति के स्थापना दिवस पर नगर के सभी धार्मिक व समाजिक समितियो के द्वारा 22 दिसम्बर सुबह 8:00बजे से रात्रि 9:00बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ, पठन किया। इसमे सभी समाज के लोगो ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भजनो के मधुर धुन मे भक्त नाचते गाते भक्ति मे लीन रहे। अंत मे भगवान की महाआरती कर प्रासद वितरण किया गया। सुंदर कांड समिति द्वारा विगत 24 वर्षो से अखंड सुंदरकांड पाठ का स्नाहिक पाठ भाटापारा नगर मे किया जा रहा है। श्री संगीतमय सुंदरकांड समिति के संस्थापक राजेश उपाध्यय ने इस अवसर पर सभी सहयोगी को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से धर्ममय परम्परा लोगो की आस्था व सहयोग से ही सम्पन हो पाया है इस अवसर पर सभी सहयोगी के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया।

महतारी वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए सभापति कविता कुमलेश देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर के नगर भवन में आयोजित विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन कार्यक्रम में महिला बाल विकास एवं स्वास्थ विभाग के सभापति कविता कुमलेश देवांगन शामिल हुई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा सभी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आंगन बाड़ी की कार्यकर्ता एवं महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाएं शामिल हुई। सभी लाभान्वित महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े का आभार व्यक्त किया। सभापति ने सभी को सरकार के एक पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अब छत्तीसगढ़ में सुशासन लाई है, सभी वर्ग को ध्यान में रखकर सरकार कार्य कर रही हैं, प्रत्येक वर्ग सरकार से खुश हैं और भाजपा की सरकार ने अपने पूरे वादे चाहे वह प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, दो साल का बोनस, किसानों को 21 क्विंटल का 3100 रुपए राशि, सभी वादे पूरे कर दिए हैं यह कहते हुए सभापति ने परियोजना अधिकारी भाटापारा, सिमगा एवं उनके समस्त स्टाफ को कार्यक्रम के अच्छे आयोजन और योजनाओं की जानकारी के लिए अच्छे इंस्टॉल लगाने पर बधाई दी।

सनातन सेना प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर का मोमेंटो श्रीफल और शॉल से सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भटगांव प्रीमियर लीग के आयोजक समिति ने सनातन सेना प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर का मोमेंटो श्रीफल और शॉल से सम्मान किया और उनके द्वारा किए जाने वाले युवाओं के प्रति सहयोग की प्रशंसा की। टीम के सभी सदस्यों ने जिले में आगे एक बड़े खेल महोत्सव के आयोजन की चर्चा की जिसमे ठाकुर ने बढ़ चढ़कर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यो के साथ गोपाल साहू, अभिषेक शर्मा, जतिन देवांगन, आशीष शर्मा, लक्ष्मीकांत सोनी, मोहन साहू, देवेंद्र साहू, दिनेश कंवर, महेश सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

क्षेत्र की प्रगति का आधार भाजपा सरकार : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्रामीण क्षेत्रों का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है। सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 01 वर्षो में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की गई है और आगे भी यह विकास यात्रा दोगुनी रफ्तार से जारी रहेगी। उक्त बातें भाटापारा विधानसभा के ग्राम अलेसुर, बीजाभाट एवं खैरी में लाखो रुपये के विकाश कार्यो का लोकार्पण कर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों से कही। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं, ध्रुव गति से अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि मोदी की गारंटी में किये वादों को पूरी प्रतिबद्धता से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। इन विकास कार्यो का शिवरतन शर्मा द्वारा किया गया लोकार्पण शासकीय प्राथमिक शाला दीर्घ कालीन मरम्मत कार्य बीजाभाट, शासकीय प्राथमिक शाला आहाता निर्माण बीजाभाट, महामाया भवन अलेसुर, शासकीय प्राथमिक शाला दीर्घ कालीन मरम्मत कार्य अलेसुर, जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण लोकार्पण अलेसुर, निषाद समाज सामुदायिक भवन खैरी। उक्त अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सुरेश यदु, सरपंच अलेसुर लक्ष्मी टेक राम यदु, सरपंच खैरी गंगा बाई फगुआ डहरे,अमर ध्रुव, सुखीराम निषाद, सुमित यदु, सहित ग्राम में पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

200 से अधिक लोगो ने कराया अपना प्रकृति परीक्षण, सीखी स्वस्थ जीवनशैली के रहस्य

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत धमतरी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का सफल संचालन आयुर.सानिध्य क्लीनिकल एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसमें 200 से अधिक संस्था के व नगर के अन्य भाई बहनों ने प्रकृति परीक्षण करवाया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। इस शिविर में आयुर्वेद के चिकित्सकों और छात्रों ने सहभागिता की और नागरिकों को उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की प्रकृति वात, पित्त, कफ के अनुसार आहार और दिनचर्या का महत्व बताया। ब्रह्मकुमारी धमतरी संस्थान की प्रमुख ब्रह्मकुमारी सरिता दीदी ने इस अभियान का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया। संस्था की वरिष्ठ सदस्य ब्रह्माकुमारी प्राजक्ता एवं ब्रह्मकुमारी सरस दीदी ने स्वयं का प्रकृति परीक्षण करवाकर इस प्रक्रिया की गहराई को समझा और सभी को इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

बीमारियों की जड़ अनियमित जीवनशैली

फाउंडेशन से जुड़े आयुर्वेद छात्रों ने बताया कि आज 90 प्रतिशत बीमारियों की जड़ असंतुलित आहार और अनियमित दिनचर्या है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए छात्र प्रशांत साहू, श्रुति साहू, तृप्ति प्रधान, सगोरिका बर्मन, श्रृंखला, शुभम मिश्रा, एकता चंद्रकार, श्रेया रानी रात्रे, आस्था चंद्रकार, ट्विंकल सोनकर, अदिति देवांगन ने कहा कि यदि व्यक्ति अपनी प्रकृति को समझकर उसके अनुरूप आहार.विहार का पालन करे, तो वह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है, बल्कि दीर्घायु का भी लाभ उठा सकता है।

संपर्क करें और बनें स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा

इस शिविर के माध्यम से आयुर.सानिध्य फाउंडेशन ने लोगों को आयुर्वेद के महत्व से परिचित कराते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित किया। फाउंडेशन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आयुर्वेद के सिद्धांतों को अपनाएं और अपना प्रकृति परीक्षण कराएं।

संस्था के भाई बहनो ने साझा किए अनुभव

प्रकृति परीक्षण कराने वाले लोगो ने कहा कि परीक्षण के दौरान पूछे गए प्रश्न सरल लेकिन प्रभावी थे। इन प्रश्नों ने उन्हें अपने दैनिक जीवन की आदतों पर पुनर्विचार करने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार ऋतुचर्या और आहार-विहार का पालन करने से न केवल रोगों से बचा जा सकता हैए बल्कि पहले से मौजूद बीमारियों को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

स्वास्थ्य के लिए अपनाएं आयुर्वेद

आयुर्वेदिक विशेषज्ञों ने संस्था के भाई बहनों को अपनी प्रकृति के अनुसार जीवनशैली अपनाने और अपने सभी परिवार के सदस्यों को नजदीकी आयुर्वेद केंद्र पर प्रकृति परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत की यह प्राचीन चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों से बचाव करती हैए बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य और दीर्घायु का आधार है।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन शिविर संचालक जीपी पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी आर के पटेल के नेतृत्व में ग्राम भौरादादर में रखा गया है। शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक चर्चा के लिए विशेष रूप से न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार साहू (प्रथम श्रेणी सराईपाली) एवं पूजा पटेल साहू (छ.ग. लोक सेवा आयोग परीक्षा न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर चयनित 25 वाँ रैंक) एवं अधिवक्ता राजेश महाणा उपस्थित थे। बौद्धिक चर्चा के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार साहू के द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय न्याय व्यवस्था, वर्तमान न्याय, क़ानून की जानकारी दिये एवं पूजा पटेल साहू द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसे सफलता प्राप्त करना है इस पर विशेष रूप से चर्चा की और उपस्थित सभी रा.से.यो. के सेवक, सेविकाओं से सवाल जवाब भी किये। इस अवसर पर राजेश महाणा ने अपने उदबोधन में क्राइम से बचने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा उपाय बताये। रासेयो शिविर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर स्थल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें डॉ संजय साहू, बीडीएस, डॉ आदित्य कुमार शिवहरे नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ गुलाब पटेल चर्मरोग, डॉ प्रेम साहू स्त्रीरोग, एवं डॉ योगेश बरिहा विशेष रूप उपस्थित थे। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ ग्रामीणों ने उठाया। रासेयो के इस विशेष शिविर में ग्रामीण जनों की ओर से आरआर पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल, प्रहलाद पटेल, श्याम सुन्दर चौधरी, सीआर जायसवाल, एल के सिदार आदि उपस्थित थे।

प्रकाश, कविंद्र, रंजना में से किसी एक को मिलेगा जिलाध्यक्ष का ताज

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी में इन दिनों संगठन चुनाव पूरे देश सहित प्रदेश में चल रहा है। बूथ अध्यक्ष से लेकर लगभग मंडलों में अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है, अब जिलाध्यक्ष की बारी है। वर्तमान में प्रकाश बैस जो आदिवासी अंचल नगरी सिहावा के हैं, अध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे हैं। हालांकि उन्हें काम करने का पूरा अवसर नहीं मिल पाया है। यही कारण है कि लोगों की भावना है कि उन्हें पुनः एक बार अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा जाये। सूत्रों का कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष के लिये जो पैनल बनाया गया है उसमें तीन नाम प्रकाश बैस, कविंद्र जैन, रंजना साहू का नाम शामिल है। इन तीनों में से किसी एक को जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है। संगठन में काफी लंबे समय से अपनी कार्यक्षमता से प्रभावित करने वाले कविंद्र जैन जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी आरएसएस से लेकर जनसंघ में समर्पित रही है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का मानना है कि जिलाध्यक्ष के लिये ये भी एक मजबूत दावेदार हैं। जिलाध्यक्ष की दौड़ में तीसरा नाम पूर्व विधायक रंजना साहू का भी नाम काफी तेजी से चल रहा है। इनके लिये एक क्षेत्र से विशेष दबाव भी बनाये जाने की खबर है। बताया जाता है कि एक-दो दिनों में जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है। लेकिन पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक ही व्यक्ति को बार बार मौका देना ठीक नहीं है। पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज है और ऐसे में पार्टी का जिलाध्यक्ष की कमान ऐसे ही किसी व्यक्ति को सौंपी जानी चाहिये।

जीर्णशीर्ण : जयंती पर याद आ रहे है पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी के नाम का स्तंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन है जिसके चलते सभी ग्राम पंचायतों में बनाए गए चबूतरा के समीप विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य स्मृति को संजोने के लिए भाजपा शासन काल में जिले के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए अटल चौक वर्तमान स्थिति में जीर्णशीर्ण हो गए हो चुके हैं। एक बार फिर से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद अटल चौक की सुध ली जा रही है, वहीं कई स्थानों पर रंग-रोगन का प्रयास भी शुरू कर दिया गया है।

जयंती पर याद आ रहे है अटल चौक – जिले के चारों ब्लॉक कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा व पंडरिया में अटल चौक का निर्माण किया गया है । गांव के प्रमुख स्थान पर चौक का निर्माण होने से लोग पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हैं। लंबे समय तक देखरेख नहीं होने से यह अटल चबूतरे अटल चौक टूटने लगे तो कहीं जर्जर होने लगे। लंबे समय तक इसकी देखरेख नहीं हो रही थी। इस बार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। एक बार फिर से अटल चौक की सुध ली जा रही है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती है और उस दिन को सरकारी क्षेत्र में पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाना है और विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

चबूतरा के आसपास गंदगी का आलम – ग्राम पंचायत मुख्यालयों में भाजपा शासन के कार्यकाल में अटल चौक का निर्माण कर अटल स्तंभ बनाया गया था जो उचित रखरखाव नहीं होने से आज उपेक्षित है। अटल स्तंभ का उपयोग मात्र 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर होता है। ग्राम पंचायत के पास बड़ा स्वच्छता अमला होने के बावजूद अटल स्तंभ के आसपास कचरे का ढेर है। कई जगहों पर पान ठेला और चाय की दुकानें भी संचालित है, इसके ऊपर बैठकर लोग गुटखा खाते रहते हैं। ग्राम पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि साफ-सफाई किया जाए लेकिन यह महज एक दिन के लिए ही है।

भाजपा सरकार के समय बने थे अटल चौक–2003 में प्रदेश में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण 2004-2005 में शुरू किया गया था। इसके बाद लगातार पांच साल चरणबद्ध रूप से अटल चौक का निर्माण जारी रहा। रखरखाव के अभाव में अटल चौक के स्तंभ धराशायी अथवा खंडहर हो गए। नई सरकार बनने के बाद अब अटल चौक का गौरव दोबारा स्थापित करने में पंचायतें लग गई हैं अभी भी कुछ नवीन ग्राम पंचायत में बनना बाकी है। रख रखाव के अभाव में बड़े बड़े पंचायतों में तो चबूतरा ही गायब हो गए है।

जिला पंचायत सीईओ ने कोचिंग सेंटर में दिए छात्रों को टिप्स, बताया कैसे हासिल करें अपना लक्ष्य

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को हमेशा सकारात्मक और दृढ़ निश्चयी मानसिकता रखनी चाहिए अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और अपनी तैयारी की यात्रा के दौरान प्रेरित रहें। भानुप्रतापपुर स्थित निशुल्क सरकारी कोचिंग सेंटर मावा मोदोल में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने उक्त बातें कही। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सोमवार को निशुल्क कोचिंग सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सब्जेक्ट्स के बारे में जानकारी दी और उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने महत्वपूर्ण परीक्षा तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी जिससे उन्हें अपनी तैयारी को बेहतर बनाने में सहायता मिल सके। इस प्रेरणादायक कदम से छात्रों को आत्मविश्वास मिला। जिससे छात्र अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हुए। उन्होनें अध्ययनरत छात्र छात्राओ को छग सामान्य ज्ञान इतिहास राजनीति विज्ञान सामान्य गणित सामान्य विज्ञान से संबधित विषय शिक्षक-शिक्षिकाओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तथा प्रशिक्षार्थीयो को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हर ब्यक्ति को लक्ष्य हमेशा बड़ा रखने चाहिए ताकि निचले स्तर की परीक्षा के लिए अलग से तैयारी की अवशयकता न पड़े। मावा मोदोल कोचिंग सेंटर के केयर टेकरो को भी आवश्यक निर्देश टिप्स दिए हर 15 दिवस मे मार्क टेस्ट आयोजित करने के लिए निर्देशित दिए।

कलेक्टर के पहल से शुरू हुआ निःशुल्क कोचिंग–कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के पहल के बाद यहां निशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत हुई है। जिसका शुभारंभ हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया था। नगर में निःशुल्क कोचिंग सेंटर खुलने से छात्रों को उसका लाभ मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी तैयारी करवाई जा रही है। इस सेंटर पर विषय विशेषज्ञो के द्वारा PSC,CGPSC के लिए तैयारी हेतु संस्थान को विस्तार किया जा रहा है। इस मौके पर बीईओ सदेसिंह कोमरे और एपीसी नवनीत पटेल कांकेर भी उपस्थित रहे उन्होंने भी मोटिवेशन करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए हर छात्र को निरंतर अभ्यास करना चाहिए।

न्यू इरा पब्लिक स्कूल का 10 वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से संपन्न

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

न्यू इरा पब्लिक स्कूल में विद्यालय का दसवां वार्षिक उत्सव जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण सहित धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विद्यार्थी अगर अपना लक्ष्य निर्धारित करें तो उनको सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि मेरे पिताजी मुझे इंजीनियरिंग के क्षेत्र को अच्छा बताया गया था जिसकी तैयारी मैंने कक्षा दसवीं से प्रारंभ कर दी थी मेरा हमेशा लक्ष्य रहा की जिस कक्ष में मैं अध्यनरत हूं वहां पर अव्वल आऊ जिसका परिणाम यह हुआ कि आज मैं

आप लोगों के समझ एक पुलिस कप्तान के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा हूं इसलिए हर विद्यार्थी के जीवन में लक्ष्य का होना बहुत जरूरी है। प्राचार्य डॉ मुरली मनोहर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि संस्था में अध्यनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कृत बौद्धिक सहित खेलकूद का आयोजन किया जाता है। व्यवस्थापक राकेश कुमार गुप्ता के द्वारा पधारे हुए मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। संस्था में अध्यनरत लगभग 700 विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम का प्रस्तुति दी गई जिसमें नृत्य सामूहिक नृत्य लोकगीत सहित कई प्रकार के प्रोग्राम शामिल थे जिसे देख उपस्थित जनों ने जमकर तालियो से उनका उत्साह वर्धन किया। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भरत प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, वीरेंद्र कुशवाह, वीरेंद्र ठाकुर, विवेकानंद श्रीवास्तव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 4 घंटे तक चले कार्यक्रम का सफल संचालन निर्देशक ज्योति गुप्ता एवं अनिल कुमार, उमेश कुशवाह, राजू कुमार, चंदन कुमार, एजाज अहमद, सतीश प्रसाद, असीमा विश्वास, प्रिया दुबे, मैग्डलीन लकरा, प्रतिभा गोलदार, रागिनी गौड, आकृति, स्वीटी पॉल, लक्छमेन पाण्डेय, अंजना, अर्चना, बद्रीनाथ, पंकज, प्रणव भास्कर, रोहित सहित सहायक कर्मचारियों सक्रिय रहे।

कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं पालक समिति अध्यक्षों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे कलेक्टर एस जयवर्धन ने एकलव्य आवासीय विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षा की स्थिति सहित अन्य विषयों को लेकर विद्यालयों के प्राचार्य एवं पालक समिति अध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान आवासीय विद्यालयों से जुड़े विभिन्न विषयो पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिमजाति विभाग एवं

अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जयवर्धन ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों शिव प्रसादनगर, ओड़गी, प्रतापपुर और प्रेमनगर में संचालिक कक्षाओं, विद्यालयों में प्रवेशित एवं रिक्त सीटों, इनके बोर्ड परीक्षा के परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की स्थिति, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों की जानकारी, सास्कृतिक, साहित्यिक, कला उत्सव एवं खेलकूद के संबंध में प्रतियोगियों की जानकारी सहित विद्यालयों में होने वाले अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और विद्यालयों के बेहतर विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रायपुर के निमोरा में 30 को होगा जिला पंचायत के अध्यक्षों का आरक्षण

कोंडागांव। राज्य के 33 जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण एवं प्रवर्गवार महिलाओं के स्थानों हेतु आरक्षण की कार्यवाही 30 दिसम्बर को होगा। आरक्षण की यह कार्यवाही संचालक पंचायत संचालनालय द्वारा सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा (रायपुर) में की जाएगी। उल्लेखनीय हैं कि, संचालक पंचायत द्वारा सर्व साधारण की जानकारी एवं आरक्षण की कार्यवाही के समय साक्ष्य के रूप में उपस्थित हेतु यह सूचना प्रकाशित की गई है।

नक्सल पीड़ितों को पेयजल की समस्या, लगातार मांग पर मोटर पंप की व्यवस्था कराया गया

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 सिंधु धर्मशाला के पास नक्सल पीड़ितों को पेयजल की समस्या हो रही थी। लगातार मांग कर रहे थे। वार्ड के निकेश सिंह ठाकुर के द्वारा मोटर पंप की व्यवस्था कराया गया। और मंगलवार को पंप फिट कराया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा बोर चालू हो गया है यहां पर टंकी आदि बनाया जाएगा। अब आस पास के लोगों को पानी मिलेगा। वार्ड के माहेश्वरी, सुधा ठाकुर, रसिया, राजा, राकेश सिंह, बीरसिंह ने कहा यह पानी के लिए दूर हैंडपंप में जाना पड़ता था। अब यहां सुविधा मिलेगा। इस मौके पर पप्पू सोनी, महेंद्र मेश्राम, अजय साहू उपस्थित थे।

स्वच्छाग्रही दीदियों द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

सूरजपुर। विष्णुदेव सरकार के सुशासन के वर्षगांठ के अवसर पर राज्य भर में विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एस जयवर्धन के

निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छाग्रही दीदियों द्वारा स्वच्छता अभियान विशेष रूप से चलाया जा रहा है। आज जिले के विभिन्न विकासखंड के अंतर्गत बरहोल, शिवपुर, चंद्र मेढा सहित विभिन्न स्थानों के घरों, संस्थानों एवं धार्मिक स्थलों सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

हाइवे पेट्रोलिंग में पदस्थ पुलिस जवानों की सक्रियता एवं साहस से बलकर वाहन चालक की बची जान

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम लाहोद के पास एक बलकर वाहन CG 07 BK 7555 एक्सीडेंट होकर पलट गया है, जिसमें बलकर वाहन का चालक बहुत बुरी तरीके से अंदर फंस गया है। जिसे हाइवे पेट्रोलिंग प्रभारी टीका राम ध्रुव, प्रधान आरक्षक महेश्वर वर्मा, आरक्षक अशोक घृतलहरे,

महेश निषाद इसके अलावा सूचना पर थाना लवन पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा। घटना स्थल पहुंचने पुलिस टीम ने देखा कि वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त वाहन के अंदर बहुत बुरी तरीके से फंस गया है, उसके लिए एक-एक पल बहुत ही कीमती था तथा किसी भी अनहोनी से बचने के लिए उक्त वाहन चालक को तत्काल बाहर निकालना अत्यंत आवश्यकता था। हाइवे पेट्रोलिंग के अलावा इस बीच पुलिस टीम लवन से शामिल प्रधान आरक्षक धनंजय यादव,

नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया जाएगा अटल जी का जन्म महोत्सव



रामानुजगंज। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के तहत अटल चौक पर स्थित अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए सुबह 11:00 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों एवं अपने सभी ईस्ट मित्रों सहित उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है। ताकि सुशासन के मूल्यों को बढ़ावा देने में बल मिल सके।

जनदर्शन में कलेक्टर के पहल पर आयुष को मिला श्रवण यंत्र

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जन दर्शन में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत महावीरगंज के निवासि गौरी देवी ने अपने पुत्र आयुष कुमार गुप्ता को लेकर पहुंची थी उन्होंने कलेक्टर राजेंद्र कटारा को बताया कि हमारा पुत्र कान से सुनने में असमर्थ है साथ ही ठीक से बोल भी नहीं पता

कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए आयुष को तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान किया अपने समस्या का समाधान मिलते ही गौरी देवी सहित उनके साथ गए लोगों में हर्ष व्याप्त है। दूसरी तरफइस जनपद पंचायत क्षेत्र में इस बात की चर्चा हो रही है कि यदि हर समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर के पास ही जाना पड़े तो जनपद पंचायत रामचंद्रपुर में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारी सहित निर्वाचन जन प्रतिनिधि की क्या काम है? पंचायत में व्याप्त समस्याओं का सुनने वाला कोई नहीं है यदि जनपद पंचायत कार्यालय में अपनी कोई शिकायत लेकर पहुंचता है तो वहां पर उपस्थित कर्मचारियों का यह कहना होता है कि आधिकारिक चेंबर में नहीं इसके बाद मायूस होकर फरियादीयों को वापस लौटना पड़ता है? आम जनता की परेशानी यह है कि प्रत्येक शासकीय दफ्तरों में पहले छह दिनों तक कार्य संपादित किए जाते थे अब चार दिनों तक कार्य संपादित हो रहे हैं उसके बावजूद भी मुख्यालय के कार्यालय से अधिकारी नदारत रह रहे हैं ऐसे में आम जनता को कितनी राहत मिलेगी इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	स्थावर सम्पत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
(ऋण खाता संख्या) L9001060735932259, आजम किराना स्टोर्स (ऋणी), शेक मंजूर हसन (सहऋणी), श्रीमती जीनत बी (सहऋणी), श्रीमती मुमताजुन निशा (सहऋणी)	13-सितम्बर-24 ₹ 29,79,566/- उनतीस लाख उनयासी हजार पांच सौ छियासठ रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 657, पीएच नं. 23-40, ग्राम पंचायत तिफरा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.020 हैक्टेयर	19-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060123177312, रमेश कुमार पटेल (ऋणी), नन्द कुमार पटेल (सहऋणी), जयपाल पटेल (सहऋणी)	17-अगस्त-24 ₹ 3,53,920/- तीन लाख तिरेपन हजार नौ सौ बीस रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 36 पी एच नं. 08, ग्राम मौहाडीह, आर एन एम बरपाली, ब्लॉक व तहसील करतला, जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 285.28 वर्ग मीटर	20-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060113128735, कंसाराम साहू (ऋणी), श्रीमती कला बाई साहू (सहऋणी), लिलेश कुमार साहू (सहऋणी), श्रीमती भूमिका साहू (सहऋणी), गंगाराम साहू (गारंटर)	16-मई-24 ₹ 9,21,959/- नौ लाख इक्कीस हजार नौ सौ उनसठ रूपये मात्र 13-मई-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 152 एवं 160, मतगुदा हनुमान, कोमखंमतुगढा, जला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 54896 वर्ग फीट, पूर्व: रोड, पश्चिम: लुकार एवं परसराम का प्लॉट, उत्तर: उमाशंकर का प्लॉट, दक्षिण: उमा शंकर का प्लॉट	19-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060714700339, मोहित कुमार देवांगन (ऋणी), श्रीमती कौशल्या बाई (सहऋणी), तोमपेश चन्द (सहऋणी)	13-अगस्त-24 ₹ 13,34,013/- तेरह लाख चौतीसहजार तेरह रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम वार्ड नं. 13 214/20 गुंदरदेही जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 133.38 वर्ग गज	19-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060127342568, दास वेल्डिंग वर्क्स (ऋणी), विजय दास मानिकपुरी (सहऋणी), श्रीमती राधा मानिकपुरी (सहऋणी)	15-मई-24 ₹ 9,42,902/- नौ लाख बयालीस हजार नौ सौ दो रूपये मात्र 13-मई-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 400 109 कसाहीबहारा, ग्राम बाग बहारा के पास, जिला महासमुंदर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2292 वर्ग फीट, पूर्व: बेदराम का मकान, पश्चिम: लच्छू का मकान, उत्तर: गली, दक्षिण: बचत भूमि	19-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060128591420, यतेन्द्र कुमार चन्द्रकार (ऋणी), आरती अरूण कुमार मिश्रा (सहऋणी)	13-सितम्बर-24 ₹ 62,45,690/- बासठ लाख पैंतालीस हजार छः सौ नब्बे रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 967/5 का भाग, एलआईजी नं. 18 का मकान, पद्मनाभपुर, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 184.04 वर्ग मीटर	20-दिसम्बर-24
(ऋण खाता संख्या) L9001060130813869, जितेन्द्र कुमार लोतरे (ऋणी), शिव प्रसाद (सहऋणी), भैया लाल (सहऋणी), श्रीमती निशा बाई (सहऋणी)	15-जुलाई-24 ₹ 6,07,510/- छः लाख सात हजार पांच सौ दस रूपये मात्र 11-जुलाई-24 तक	रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित खसरा नं. 49/2, पीएच नं. 14, प्लॉट नं. 12, ग्राम बापूटोला, तहसील चौरिया, जिला राजनन्दगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1092 वर्ग फीट, (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 49/2, पीएच नं. 14, प्लॉट नं. 5, ग्राम बापूटोला, तहसील चूरिया, जिला राजनन्दगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1150 वर्ग फीट	19-दिसम्बर-24

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 24/12/2024
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

"पेसा दिवस" के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक पंचायत की उपस्थिति में पेसा दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 पर चर्चा किया गया, जिसमें ग्राम सभा की संरचना शक्तियां एवं कार्य ग्राम सभा का अध्यक्ष का निर्वाचन ग्राम सभा की गणपूर्ति एवं ग्राम सभा की स्थायी समिति पर विस्तृत जानकारी दी गई, उपसंचालक पंचायत द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में लागू होने वाले जन संसाधनों जल, जंगल, जमीन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित जिला पंचायत के

उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, जिला सदस्य कुलदीप विहारी, अजय श्याम, उषा सिंह, सुहागवती राजवाड़े, अनिता चेरवा, गीता जायसवाल, मंजु मिंज, एंव जिले के आर्दश ग्राम पंचायत के सरपच, जिले के अधिकारी एंव कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन संकाय सदस्य नीरोज सिंह के द्वारा किया गया।

मंगल भवन में 27 को इंडियन रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा का होगा आयोजन

सूरजपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 27 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से मंगल भवन में किया जाना है। जिसके लिए 925 आजीवन सदस्यों की सूची जारी कर दी गई है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। वार्षिक साधारण सभा में प्रबंध समिति के 10 सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से निर्वाचन के माध्यम से किया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया में संरक्षक, उपसंरक्षक, आजीवन सदस्य ही भाग ले सकते है, निर्वाचन में भाग लेने हेतु आजीवन सदस्यों को अपने साथ मूल रसीद की प्रति अथवा आधार कार्ड व अन्य परिचय पत्र लाना अनिवार्य है। नामांकन फार्म का वितरण बैठक स्थल पर ही किया जायेगा। फार्म वितरण व जमा करने हेतु प्रातः 10.30 से 11.30 तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के बाद नामांकन फार्म वितरण व जमा नहीं किया जायेगा।

संपादकीय

मोदी की कुवैत यात्रा संबंध मजबूत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया कुवैत यात्रा एक ऐतिहासिक क्षण है। वे चार दशक से अधिक समय में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-शबा के आमंत्रण पर की गई इस यात्रा से भारत और कुवैत के बीच संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता नवीनीकृत हुई है। इसके केन्द्र में आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान प्रदान तथा परस्पर समृद्धि है जो गहरी रणनीतिक साझीदारी का रास्ता खोलते हैं। भारत और कुवैत के बीच शताब्दियों पुराने संबंध हैं जिनका आधार व्यापार तथा सांस्कृतिक आदान प्रदान रहा है। समय बीतने के साथ यह संबंध जीवन्त साझेदारी में विकसित हुआ जिसमें ऊर्जा, व्यापार तथा दोनों देशों की जनता के बीच संबंध शामिल हैं। आज कुवैत भारत का महत्वपूर्ण ऊर्जा सप्लायर है, जबकि भारतीय विशेषज्ञ और श्रमशक्ति कुवैत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को रेखांकित करते हुए संकट के समय परस्पर सहायता के उदाहरणों पर जोर दिया। कुवैत में भारत के एक मिलियन से अधिक भारतीय विशेषज्ञ रहते हैं और अनिवासी भारतीयों ने कुवैत की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसने स्वास्थ्यरक्षा, इंजीनियरिंग व शिक्षा समेत अनेक क्षेत्रों में योगदान दिया है।

प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने उनके प्रयासों की प्रशंसा की। मोदी ने कहा, 'आपकी ऊर्जा, प्रेम तथा भारत से अडिग संबंध सचमुच प्रेरणादायक हैं। मुझे हमारे देशों के बीच संबंध मजबूत करने की आपकी भूमिका पर गर्व है।' भारत और कुवैत के बीच आर्थिक संबंध अब विस्तार के चरण में हैं। कुवैत एक प्रमुख ऊर्जा सप्लायर है और उसका भारत की ऊर्जा सुरक्षा में रणनीतिक महत्व है। इसके साथ ही अपने विशाल व लगातार बढ़ते बाजार तथा निवेश अवसरों के कारण भारत कुवैत को अपनी संप्रभु संपदा लगाने का आकर्षक लक्ष्य प्रदान करता है। अपनी चर्चाओं के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों द्वारा समृद्ध होने के दृष्टिकोण का साझा किया जिसमें 'न्यू कुवैत' के साथ 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना शामिल हैं। इन लक्ष्यों को एकसाथ लाने से दोनों देश परस्पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाली साझेदारी स्थापित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा केवल आर्थिक चर्चा तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसमें दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों का विकास भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने ऐसे अनेक लोगों से मुलाकात की जिन्होंने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने में योगदान किया है। इनमें अब्दुल्ला अल-बारून भी शामिल हैं जिन्होंने एक अनुवादक के रूप में भारतीय महाकाव्यों 'रामायण' एवं 'महाभारत' का अरबीभाषियों के लिए अनुवाद किया है। भारत और कुवैत आज भविष्य की ओर देख रहे हैं, ऐसे में यह यात्रा संबंधों का ऐसा चरण स्थापित करती है जो परंपरागत ऊर्जा संबंधों से आगे जाता है। कुवैत की विकास महत्वाकांक्षाओं के साथ भारत की तकनीकी विशेषज्ञता के सम्मिलन से प्रगति तेज होने की उम्मीद बढ़ती है। इसके साथ ही अनिवासी भारतीयों की मजबूत उपस्थिति एक सेतु का काम करती है जो संबंधों तथा परस्पर समझदारी को और गहराई प्रदान करते हैं। इस साझेदारी को मजबूत कर भारत और कुवैत न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र के स्थायित्व और विकास में भी योगदान कर रहे हैं।

अटल संकल्पों के साथ सुशासन की राह साय सरकार

विकास शर्मा
प्रकाशन अधिकारी
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी
रायपुर (छ.ग.)

रामराज्य की संकल्पना और सुशासन



25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी है। देशभर में बहुतेरे आयोजनों के बीच शासन इसे सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। अटल जी स्वयं समन्वय की राजनीति करते हुए भी शासन की जवाबदेही पर बल देते रहे। सुशासन दिवस मनाने का ध्येय भी सत्ता और शासन तंत्र को जवाबदेही का अहसास कराना है, जनहित में काम करने के लिए सरकारी लोगों की भूमिका को रेखांकित करना है। ये दिवस देश और समाज की उन्नति में शासन तंत्र को उसकी असल भूमिका का स्मरण भी कराता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को भारत सरकार ने वर्ष 2014 से सुशासन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। वाजपेयी का सत्ता और शासन तंत्र को लेकर जो नजरिया रहा है उसका पुनःस्मरण कराना इस दिवस का एक अहम लक्ष्य है। राज्य की साय सरकार का नारा है हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। सरकार की दूरदर्शी सोच इस छोटे से नारे में समाहित है। जिस राज्य का गठन अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था उसकी बागडोर उनसे प्रभावित, उनके साथ संसदीय यात्रा का हिस्सा रहे विष्णुदेव साय के हाथों में है। उनके भी विचारों को अटल के सुशासन के मंत्र ने प्रभावित किया है।साय कहते भी हैं कि रामराज्य की हमारी संकल्पना ही वर्तमान दौर का सुशासन है।

प्रदेश में विष्णुदेव साय ने सरकार के इरादे स्पष्ट किए हैं कि वो सुशासन के संकल्प के साथ ही शासन करेंगे। अटल ने सत्ता को सेवा का माध्यम माना है। उन्होंने मूल्यहीन सत्ता से मूल्यपरक विपक्ष की राजनीति को श्रेयकर माना, ऐसे उच्च आदर्श की छाँव में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। प्रदेश में 'हम बनाए हैं और हम ही संवारेंगे' के संकल्प को जनता ने स्वीकारा तो है, अब इसे बनाए रखने के लिए अटल संकल्पों के साथ साय सरकार को बढ़ना होगा। सरकार ने एक साल में जो बहुत से घोषणा अनुरूप कार्य किए वो अपनी जगह ठीक हैं पर सबसे अधिक विश्वास भ्रष्टाचार के खिलाफ समय समय पर हो रहीं कार्रवाईयों ने बढ़ाया है।

संविधान के अनुरूप सरकार द्वारा तैयार विकास और उन्नति के प्रारूप में हर नागरिक अपना स्थान सुनिश्चित कर सके तभी सुशासन है। अटल मानते थे जो देश की दरिद्रता और विपन्नता है उसका कारण हमारी व्यवस्था की विफलता है। पांच्चजन्य में लिखे एक लेख में अटल जी ने कहा कि बेकारी, गरीबी, भूखमरी ईश्वर का विधान नहीं, मानवीय व्यवस्था की विफलता का परिणाम है। इस बात को समझते हुए लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में प्रशासन को संवेदनशील और अधिक जवाबदेह बनाने पर उन्होंने जोर दिया। आज उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी इस बात को अधिक बल देकर प्रतिध्वनित करते हैं कि less government and more governance से देश विकसित राष्ट्र की पंक्ति में जल्द अपने को खड़ा कर पाएगा।

जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कुछ काम ऐसे चल रहे हैं जो आस जगाते हैं कि सरकार के साथ व्यवस्था भी बदल रही है। यह तार्किक भी होगा कहना कि सामान्य तौर पर सरकारें तो बदल जाती हैं सरकारी तरीका नहीं। पर यह भी सच है कि नीयत के साफ होने पर व्यवस्था में फैली गंदगी की सफाई भी होती है। योजनाएं तो हजारों करोड़ की बनती है, जो सरकारें आतीं हैं वे योजनाएं बनातीं हैं और बजट में पैसे का आवंटन और फिर कई बार बंदरबाट भी होता है। पर सुशासन की नीयत से आई सरकार ने अपना एजेंडा साफ रखा कि जनता से यह सरकार है और जनता के लिए यह सरकार, बेहतर शासन व्यवस्था देना सरकार का काम है। सभी वर्गों के कल्याण की योजनाएं जमीं पर उतरती हुई दिख रहीं हैं यह उल्लेखनीय है। पर इससे ज्यादा विश्वास, पारदर्शी और भ्रष्टाचार के लिए कड़े रूख ने बढ़ाया है।

कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे भेजने से ज्यादा शासनतंत्र की जवाबदेही को बढ़ाने से सुशासन अधिक प्रासंगिक होगा। अटल इस बात को लेकर चिंतित रहते थे कि वनवासियों के कल्याण की बातें कागजों से नीचे नहीं उतर पा रही हैं। कल्याणकारी राज्य की संकल्पना को साकार करने का घोष है सुशासन दिवस। इस घोष की आवाज जब हर क्षण शासन तंत्र में प्रतिध्वनित होती रहेगी तभी इस दिवस के आयोजन सार्थक और इसे मनाए जाने का निर्णय प्रासंगिक होगा।

प्रदेश की जनता को साय का शासन ही सुशासन की गारंटी दे रहा है। ये वो गारंटी है जो अटल की सुचितापूर्ण राजनीतिक चिंतन से उपजी है। अटल जी वर्ग भेद या वर्ग आधारित किसी भी विकास प्रारूप को अस्वीकार करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी बात को नए सिरे से परिभाषित करते हुए कहते हैं कि देश के विकास मॉडल में सबका साथ और सबका विकास होगा। इस मॉडल में चार वर्ग केन्द्र में होंगे गरीब, युवा, महिला और किसान। विकास का मॉडल जो मोदी ने तैयार किया है उसको सफल बनाने के लिए जनता के प्रति निष्ठा और संवेदनशीलता से भरे शासनतंत्र की आवश्यकता है। उस तंत्र की जो जनता में विश्वास बढ़ाने वाली शासन की नीतियों को जनता के बीच पहुँचाने में सहायक हो।

सुशासन दिवस किसी प्रकार के शाब्दिक शपथ, विचार गोष्ठी और कवि सम्मेलनों के आयोजन की सरकारी रस्म भर बनकर न रह जाए इसके लिए सुशासन के ध्वजवाहकों को अधिक सतर्क रहना होगा।

सोशल मीडिया से इतर सुशासन दिवस पर सुशासन के पुरोधा राजनीतिज्ञ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को सामयिक रूप से स्मरण कर भी हम उन्हें उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उनके व्यक्तित्व को उनकी ही इन पंक्तियों से जान भी सकते हैं कि पाँवों के नीचे अंगारे , सिर पर बरसे यदि ज्वालाएं और निज हाथों से हँसते-हँसते आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा।

ईश्वर से सीधे जुड़ाव

> मनुष्य जो ध्यान करते हैं वह हमारे मन के आराम को मजबूत और सुरक्षित करने के लिए है, लेकिन यह हमारा सच्चा आंतरिक स्व है, जो पोषण के लिए तरसता है।

रवि वलूरी
(लेखक, रेल विभाग से संबंधित हैं)

ईश्वर के प्रति हमारा दृष्टिकोण अनुष्ठानों से बंधा हुआ है, जो अक्सर आध्यात्मिक संबंध के वास्तविक सार को उलझा देता है। एक अखंड संगठन के रूप में, रेलवे नौकरशाही एक समय जीवाश्म बन गई थी और अपने आंतरिक और बाहरी ग्राहकों और प्रतिद्वंद्वियों के साथ व्यवहार करते समय शुतुरमुर्ग जैसा दृष्टिकोण अपनाती थी, जब तक कि उसने यात्री और माल ढुलाई खंडों को आकर्षित करने के लिए प्रौद्योगिकी को नहीं अपनाया। प्रतिस्पर्धात्मक लाभ और अनुकूलनशीलता का यह प्रमुख सिद्धांत धर्म, आध्यात्मिकता और सर्वशक्तिमान ईश्वर के साथ हमारे संबंधों में भी लागू होता है। ईश्वर के पास जाते समय मनुष्य एक पुरानी शिक्षा पद्धति के कैदी बन गए हैं। ईश्वर और भक्त के बीच लेन-देन बाधित हो गया है क्योंकि ज्ञान और आशीर्वाद का संचरण नाली के पाइपों में बंद हो गया है, क्योंकि साधक और भक्त नपुंसक और कमजोर महसूस करते हैं। क्या हम कुछ साल पहले की दो पथ-प्रदर्शक फिल्मों को याद कर सकते हैं, O M G - ओह माय गॉड! और P K, जिसमें मनुष्य और ईश्वर के रिश्ते की खोज की गई थी? OMG में एक छोटा व्यापारी, कांजी अपने व्यवसाय के बर्बाद होने के लिए निर्माता पर मुकदमा करके धार्मिक प्रतिष्ठान की रूढ़िवादिता को चुनौती देता है, जो पुरोहित और आध्यात्मिक वर्ग के लिए बहुत ही निराशा की बात है। इसी तरह, पीके- एक एलियन जो ग्रह पृथ्वी पर फंस गया है, क्योंकि उसका अंतरिक्ष यान उसके बिना ही चला जाता है - अपनी बचकानी जिज्ञासा के साथ विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थानों पर सवाल उठाता है, केवल अस्वीकृति को आकर्षित करने के लिए।

यदि कांजी के मामले में यह भगवान कृष्ण की बांसुरी और चक्र था, तो पीके के मामले में यह एक भयावह व्यवस्था की कठोर विचार प्रक्रियाओं को चुनौती देने के लिए प्रतीकात्मक गलत संख्या बन गई। एक व्याकुल पीके विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के दिव्य रूपों से जुड़ने में असमर्थ था और उसके सभी परीक्षण गलत संख्याओं के



अन्य सभी अभिव्यक्तियों कंप्यूटर, स्मार्टफोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तरह हैं। सर्वशक्तिमान ईश्वर की तुलना वर्ल्ड वाइड वेब से की जा सकती है, जिसमें ज्ञान का भंडार है, बेशक सृजन और विनाश की क्षमता भी है।

वायर्ड दुनिया में सभी गैजेट वाई-फाई के माध्यम से इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। बैटरी पावर कम होने पर या सॉफ्टवेयर की गड़बड़ियों (इसे कम प्राण स्तर के कारण माना जा सकता है) के कारण संचार में विचलन या व्यवधान होते हैं। पुजारी वर्ग के रूप में मध्यस्थ, गैजेट्स द्वारा सामना की जाने वाली इन गड़बड़ियों के लिए या तो भगवान के हाथों या साधक द्वारा तप की कमी को दोषी ठहराते हैं। दुनिया भर में सदियों से, जैसे-जैसे मनुष्य शुरू से ही प्रकृति के उपासक के रूप में विकसित हुए, स्थापित धर्मों तक, ज्वरग्रस्त मानव मन हमेशा अस्तित्व के स्वीकार्य और विचित्र सिद्धांतों के बारे में जिज्ञासु रहा है। सर्वशक्तिमान ईश्वर अपने सभी रूपों और असंख्य रूपों में आशीर्वाद देने के लिए सुलभ हैं। हालांकि, दुखद रूप से यह गिज्मो (मानव) और चैनल (वाई-फाई) है जो शायद बिग बैंग के बाद से रूपांतरित और पुनर्निर्मित हुए हैं!

वाई-फाई ईश्वर से सीधे संबंध का प्रतीक है। एक सच्चे भक्त को स्वर्गीय ट्रेन में चढ़ने के लिए आपातकालीन कोटा की आवश्यकता होती है। अनुष्ठान करने, टैरो कार्ड रीडर से परामर्श करने, डर के मारे पूजा स्थलों पर जाने, दया या वरदान मांगने की कोई आवश्यकता नहीं है। ईश्वरीय संवाद सुनिश्चित करने के लिए डीएनए में एक चिप लगाई जाती है जिसे सक्रिय करने की आवश्यकता होती है। योगिक आसनों का नियमित अभ्यास अनिवार्य रूप से हठ योग है और भौतिक शरीर के लिए एक टॉनिक है। मनुष्य जो ध्यान करते हैं वह हमारे मन के आराम को मजबूत और सुरक्षित करने के लिए है, लेकिन यह हमारा सच्चा आंतरिक स्व है, जो पोषण के लिए तरसता है। आज का साधारण नश्वर भी सांस की शक्ति के माध्यम से आध्यात्मिक श्रद्धा की इस स्थिति में हो सकता है। यह हमें हमारे आंतरिक स्व के सबसे करीब लाता है। यह ईश्वर से जुड़ने के लिए शुद्ध वाई-फाई है।

आप की बात

कर्मचारियों का हित देखें

इनफोसिस के सह संस्थापक नारायण मूर्ति का कहना कि देश के विकास के लिए जब मोदीजी हफ्ते में 100 घंटे काम कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं? दूसरे सांसद कार्ति चिदम्बरम के अनुसार सप्ताह में 4 कार्य दिवस होना ठीक है क्योंकि हर रोज जीवन एक संघर्ष है जिसमें अकुशल और घटिया बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से जूझना पड़ता है। दोनों के ही विचार न तो कर्मचारियों की कार्यक्षमता के हित में है और न ही राष्ट्रहित में। मूर्ति के 70 घंटे की बात तो पूरी तरह अव्यवहारिक है क्योंकि इससे व्यक्ति की कार्यक्षमता कम होगी साथ ही सामाजिक और पारिवारिक जीवन की दिनचर्या पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। दूसरे चिदंबरम का सप्ताह में 4 दिन कार्य का विचार भी गलत है क्योंकि 3 दिन का अवकाश व्यक्ति को आलसी भी बना सकता है जिससे उसकी अकर्मण्यता भी बढ़ सकती है। भारत जैसे विकासशील देश को विकसित बनाने के लिए सप्ताह में 6 कार्यदिवस और 9 व अधिकतम साढ़े नौ घंटे प्रतिदिन (54 या 57 घंटे) पर विचार किया जा सकता है. जो कि बहुत ज्यादा न तो अव्यवहारिक हैं और न ही जीवन के लिए हानिकारक। अथवा वर्तमान में जो कार्यदिवस का समय है वो भी कोई अव्यवहारिक नहीं है। इसमें अधिक अतिशयोक्ति नहीं बतानी चाहिए, क्योंकि राष्ट्रहित के साथ ही व्यक्ति के स्वास्थ-हित पर भी ध्यान देना जरूरी है।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

सुरक्षित परिवहन की दरकार

ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन खतरे से खाली नहीं है। जान-माल के साथ ही सुरक्षा के लिए चुनौती भरा परिवहन निर्दोष लोगों और सरकार के लिए बड़ी मुसीबत है। अजमेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी टैंकर और रसायनों से लदे ट्रक की टक्कर में भीषण आग से 40 से अधिक गाड़ियां स्वाहा हो गईं। हादसे ने 11 लोगों को मौत की नींद सुला दिया। 40 से अधिक घायल हो गए। सरकार ने भले ही मुआवजा देकर संवेदना प्रकट कर दी हो मगर यातायात व्यवस्था में चूक और नियमों के पालन की उपेक्षा बड़ी महंगी पड़ती है। देश में होने वाले हादसों का मुख्य कारण लापरवाही और नियमों को धता बताना है। सड़कों पर जब से यातायात का दबाव बढ़ा है, उचित प्रबंधन की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक बढ़ गई है। वाहनों का सुरक्षित चालन, नियमों का सख्ती से पालन, गलत तरीके से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई ऐसी जरूरतें जिन पर अमल किए बगैर हादसों को रोकना मुश्किल होगा। एक परंपरा बड़े हादसों के बाद प्रशासन के जागने की बन चुकी है जो समय से पूर्व जरूरी है। मुआवजों की नौबत से पहले हादसों को रोकने के ठोस उपाय किये जाना ही उचित निदान है। हमें हर हाल में दुर्घटनाओं को रोकना होगा। सरकार कदम उठाए।

-अमृतलाल मारू रवि, इंदौर

बांग्लादेश पर कार्रवाई हो

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिन पर दिन बेकाबू हो रहे बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियां, हिन्दुओं के साथ बार-बार अत्याचार, पाकिस्तान के साथ उसकी निकटता गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। जब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाया गया और वह जान बचाकर भारत आईं, तभी से यह बिल्कुल स्पष्ट था कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में गठित अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों की कठपुतली है। हिन्दुओं के साथ अत्याचार पहले भी हो रहा था, जो अब चरम सीमा पर पहुंच गया है। यह भी संकेत प्रारंभ से ही थे कि शेख हसीना को सत्ता से हटाने और बांग्लादेश को भारत के विरुद्ध खड़ा करने में पाकिस्तान के अलावा अन्य शक्तियां भी सक्रिय हैं। सबसे पहले यह समझना होगा कि इस्लामी देशों में सत्ता पलटने, हिंसा, घरेलू राजनीति, क्षेत्रीय अलगाववाद, आर्थिक संकट में भारत को किसी प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति या विद्रोही नेताओं को शरण देने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनकी शरण से वहां रह रहे हिन्दुओं को यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। 57 इस्लामिक देशों में आग लगने पर दूर से तमाशा देखते हैं। क्यों किसी इस्लामिक देश ने शेख हसीना को शरण दी? बांग्लादेश का मामला केवल हिन्दुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधा भारत के साथ विद्रोह है और ऐसे में बांग्लादेश को भारत के शत्रु की मान्यता दी जानी चाहिए।

-अंकित सोनी आदित्य, धार

कड़वी हकीकत

भारत में वन क्षेत्र की स्थिति पर हाल ही में जारी इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (आईएसएफआर)-2023 ने कई सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का वन क्षेत्र बढ़ा है, लेकिन यह वृद्धि ज्यादातर प्राकृतिक वनों के बाहर हुई है। प्राकृतिक वन कम हो रहे हैं और घने जंगल कम घने हो रहे हैं रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% वन क्षेत्र हो गया है। यह आंकड़ा पहली नजर में अच्छा लगता है, लेकिन जब हम इसे विस्तार से देखते हैं, तो यह पता चलता है कि यह वृद्धि ज्यादातर प्राकृतिक वनों के बाहर हुई है। प्राकृतिक वन कम हो रहे हैं और घने जंगल कम घने हो रहे हैं। यह एक बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि प्राकृतिक वन हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करते हैं और जैव विविधता को बनाए रखते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कम से कम 33% हिस्सा वन क्षेत्र होना चाहिए। यह आंकड़ा हमें यह बताता है कि हमें अभी भी बहुत काम करना है ताकि हम अपने वन क्षेत्र को बढ़ा सकें। **-विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

रखरखाव के अभाव में अपना अस्तित्व खो चुका है पार्क

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर में एक मुख्य गार्डन सप्तगिरि पार्क बीएसपी के द्वारा निर्मित है उसकी देखरेख बीएसपी के कर्मचारियों के द्वारा किए जाता है द्य जो कि अभी भी पूर्व की तरह अपनी स्थिति बरकरार रखे हुए हैं। वहीं नगर पालिका की ओर से 9 मिनी गार्डन बनाए गए हैं। जो आसपास के निवासियों के बच्चों के लिए खेलने का एक मुख्य साधन था। प्रमुख रूप से वार्ड नंबर 1 में पूर्व के बीएसपी स्कूल क्रमांक 1 के पास में, बंगाली क्लब के सामने स्वामी विवेकानंद वाटिका, वार्ड नंबर आठ में ही बीएसपी क्वार्टर स्टील टंकी के पास महिला वाटिका, बीएसपी अस्पताल के सामने वार्ड आरोग्य वाटिका ,वार्ड नंबर 2 में शासकीय प्राथमिक शाला पंडर दल्ली के पास, वार्ड नंबर 3 में जिम के पास, वार्ड नंबर 15 में भंडारी स्कूल के पास पार्क एवं खेल मैदान के रूप में निर्माण की गई है तथा एलआईसी आफिस के पास वार्ड नंबर 7 में कृष्ण कुंज नाम से वाटिका बनाई गई है। सही रख रखाव के करण एक गार्डन तो बहुत अच्छा है लेकिन दूसरा बरबाद हो चुका है। नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा के कार्यकाल में बने इस पार्क में पेड़ पौधों के अलावा बेहतरीन मूर्तियां बच्चों के लिए झूला आदि लगाए गए थे जिससे एक मनोरम दृश्य निर्मित होता था। जहां काम करने के लिए कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई थी। लेकिन कालांतर में नगर पालिका परिषद की ओर से धीरे-धीरे कर्मचारी को वहां से हटा दिया गया। रखरखाव के अभाव में तथा आसामाजिक तत्वों के सक्रियता के कारण यह सभी पार्क अपना अस्तित्व खो चुके हैं। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा के द्वारा 7 अप्रैल 2008 को लोकार्पित की गई वार्ड नंबर 15 भंडारी स्कूल के पास का गार्डन जर्जर स्थिति में है। अंदर रखें सजावट की मूर्तियां टूट चुकी है, पेड़ पौधे तो खत्म हो चुके हैं। गार्डन पशुओं का चारागाह और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। वहीं वार्ड नंबर आठ में बंगाली क्लब के पास स्वामी विवेकानंद पार्क की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है मूर्तियां, सजावट के समान तो टूट चुका है। पार्क के मुख्य दरवाजे में लगाई गई एलईडी लाइट असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दी गई है तथा वार्ड नंबर 8 के ही दूसरे गार्डन बीएसपी हॉस्पिटल के सामने आरोग्य वाटिका के ग्रिल को भी चोरों के द्वारा उखाड़ दिया गया है। जिसके कारण गार्डन में लगे पेड़ पौधे को पशुओं के द्वारा नुकसान पहुंचा दिया गया है। सबसे खराब स्थिति में है डीएवी स्कूल के पास बने गार्डन की है जिसे वार्ड नंबर एक पूर्व पार्षद स्व.नारायण राव उर्फ नक्का के द्वारा बनवाया गया था। छोटी सी जगह में बेहतरीन साज- सज्जा की गई थी। जहां बच्चों के लिए झूला, फिसल पट्टी आदि की व्यवस्था थी। लेकिन वर्तमान स्थिति में गार्डन का नामोनिशान मिट चुका है। बबूल के बड़े-बड़े कटीले जंगली झाड़ उग आए हैं। जिसे ऐसा नहीं लगता कि यहां पहले कभी गार्डन रहा होगा या नहीं। वार्ड नंबर 8 की बीएसपी ऑफीसर कॉलोनी में बने महिला वाटिका स्थिति तो ठीक है लेकिन कर्मचारियों के अभाव में नए पेड़ पौधे नहीं लग पाए हैं । मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेश वाडेकर ने बताया कि चार गार्डन की मरम्मत और सजावट के लिए राज्य सरकार की ओर से राशि स्वीकृत की जा चुकी है जिसमें वार्ड नंबर 8 की दो गार्डन स्वामी विवेकानंद और आरोग्य वाटिका के लिए दोनों के लिए 20-20 लाख रुपए की राशि शासन से स्वीकृत हुई है। अति शीघ्र इसमें पेड़ पौधे रेलिंग आदि की लिए मरम्मत का काम किया जाएगा तथा पूर्व की तरह फिर से दोनों गार्डन गुलजार होंगे। तथा एक गार्डन वार्ड नंबर 3 के हैं।

बेरला प्रीमियर लीग के शुभारंभ में पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला नगर पंचायत के दशहरा मैदान का गौठान चौक बेरला में आयोजित डे एवं नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता बेरला प्रीमियर लीग 2024-25 के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने खेल का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल एक खेल है बल्कि आपस में प्रेम व्यवहार तथा सौहार्द उत्पन्न करने वाला एक खेल भी है जहां खिलाड़ी अपने खेल से न केवल अपनी टीम भावना को मजबूत करते हैं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी आगे करते हैं खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते हैं साथ ही साथ इससे आपसी प्रेम भावना एवं सद्भाव भी बढ़ता है खेलने केवल लोगों को आकर्षित करता है बल्कि इस खेल के माध्यम से लोग आपस में एक दूसरे से जोड़ते हैं मैं बेरला प्रीमियर लीग के आयोजकों को इस खेल के आयोजन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे नगर पंचायत उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू पार्षद राजेश दुबे सुनील जैन प्रमोद गौ सेवक अर्जुन देवांगन किशन साहू उत्सव सिंह एवं जितेंद्र जोशी इत्यादि उपस्थित रह।

राज्य सलाहकार ने बेमेतरा के गांवों का दौरा कर किया स्वच्छता का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभिलाषा आनंद रघुवंशी ने कल बेमेतरा जिले के बारगांव, खर्रा, ढाबा, भालेशर ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का निरीक्षण किया तथा सरपंच व पंचायत सचिवों को निर्देश दिये कि सामुदायिक शौचालयों का उचित रखरखाव करें, ताकि लोग इसका उपयोग कर सके। उन्होने सभी गांवों में सेग्रीगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट एवं फ़ीकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया। राज्य सलाहकार रघुवंशी ने गांवों में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य कर रहे स्वच्छता दीदीयों से स्वच्छता के संबंध में विस्तार से चर्चा कर सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग करने के संबंध में जानकारी दी साथ सभी स्वच्छाग्रही दीदीयों से कहा कि जब भी हम स्वच्छता के कार्य करें तो सुरक्षा उपकरण का उपयोग अवश्य करें। उन्होने सभी को श्रम कार्ड एवं स्वास्थ्य कार्ड बनवाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेने के को कहा। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव, स्वच्छताग्राही समूह के सदस्य, जिले के टीम स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, संकुल समन्वयक, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

व्हाट्सएप्प से प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप्प नंबर 9425242981 के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने विभागवार चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदन एवं शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को अपने माँगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने के समस्याओं से मुक्ति दिलाने हेतु व्हाट्सएप्प सुविधा प्रारंभ की गई है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के दिशानिर्देश पर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सेवा सहकारी समिति (धान उपजमण्डी) ग्राम कठिया, ग्राम जेवरा एवं ग्राम बीजाभाठ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थिति लोगों को बताया गया कि हर वर्ष 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 द्वारा प्रतिस्थापित) से नागरिकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर उपभोक्ताओं के लिए इन अधिकारों के बारे में शिक्षित और अपने दैनिक जीवन में उनका पालन करना महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए यह बताया गया कि इसके तहत वे उपभोक्ता आते है जो सामान एवं वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके, टेलीशॉपिंग, मल्टी लेवल मार्केटिंग या सीधे खरीदी के जरिये किया जाने वाला सभी तरह का ऑफलाईन या ऑनलाईन लेन-देन शामिल है। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये कानून द्वारा दिये गये संरक्षण का अधिकार, सूचना का अधिकार, सुनिश्चित्ता का अधिकार, सुनवाई का अधिकार एवं जागरूकता का अधिकार इसके साथ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की प्रमुख रूप से जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और जुर्माना, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, उपभोक्ता फोरम के द्वारा पारित आदेश बारे में जानकारी दिया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य ग्राहकों को किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाना और उन्हे जागरूक बनाना है और उनके अधिकारों की जानकारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता/ सलाह, लीगल डिफेंस कॉसिल सिस्टम के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में दिनेश तिवारी चीफ़ लीगल एड डिफॉस कौंसिल, सुगीता दास असिस्टेंट, लीगल डिफेंस कौंसिल एवं समस्त अधिकार मित्र (पी.एल.व्ही.) उपस्थित थे।

उतई में गुरु घासीदास जयन्ती आज रूपेश गुप्ता होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति बाजार चौक उतई में 25 दिसम्बर को 3 बजे से गुरु घासीदास जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें दोपहर 12 बजे से पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति होगी। शाम 4 बजे अतिथियो का स्वागत व उदबोधन होगा। पश्चात पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिज्म कालेज के चेयरमैन रुपेश कुमार गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा समिति के संरक्षक सुखचंद देशलहरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रिज्म कालेज की डायरेक्टर ख्याति साहू, प्राचार्य स्वर्णलता पाल होगी। यह जानकारी गुरु घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति के अध्यक्ष भूषण कौशल ने दी।

हल्बा समाज का शक्ति महोत्सव आज से

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय स्तर पर हल्बा समाज द्वारा सामाजिक एकता का पर्व शक्ति दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर छग हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा दो दिवसीय 25 व 26 दिसंबर को शक्ति पर्व महोत्सव मनाया जा रहा है। पहले दिन 25 दिसंबर को माई दंतेश्वरी की शोभायात्रा मां शारदा मंदिर सेक्टर-1 से हल्बा शक्ति भवन रिसाली के बीच निकलेगी। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, छत्तीसगढ़ महासभा अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र माहला, महापौर शशि सिन्हा, सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, बीएसपी के महाप्रबंधक पुरेन्द्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष आईआर देहारी, पार्षद जमुना ठाकुर होंगे। दूसरे दिन 26 दिसंबर को हल्बा शक्ति भवन में शक्ति दिवस सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें बतौर अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन, आरएस नायक व अन्य शामिल होंगे। महोत्सव की अध्यक्षता अध्यक्ष मंथिर राम खलेन्द्र करेंगे। दुर्ग जिले सहित आसापास के जिले से भी समाज के लोग जुटेंगे।

महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर हो रही है महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने संचालित की जा रही महतारी वंदन योजना से राज्य के जरूरतमंद महिलाओं के लिए बहुपयोगी साबित हो रही है। राज्य शासन की यह महत्वाकांयोजना जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम हीरापुर की गृहिणी रविना साहू की नन्हीं बिटिया की सुखद एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आधार साबित होने वाली है। महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रुपये की राशि में से 500 रुपये राशि की बचत कर रविना साहू सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाकर प्रत्येक माह नियमित रूप से जमा कर रही है। राज्य शासन के इस योजना को अपने लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए रवीना साहू ने कहा कि पारिवारिक आय कम होने एवं बच्ची की उम्र बढ़ने के साथ उन्हें बच्ची की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की फिकर लगी रहती थी परंतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में उन्हें इस समस्या का हल संभव हो पाया है। रविना ने बताया कि उनकी ढाई साल की एक पुत्री है। उसने बताया कि इस वर्ष मार्च माह से महतारी वंदन योजना के तहत नियमित ही महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह उसके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। उसने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग वह सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत अपनी पुत्री का खाता खुलवाकर की है। यह उसकी पुत्री के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना से प्राप्त होने वाली राशि से भविष्य में अपनी पुत्री की शिक्षा और शादी के लिए भी उपयोगी साबित होगी। इस तरह से रविना प्रतिमाह महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि में से 500 रुपये की राशि को सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर अपनी लाडली बिटिया के सुखद भविष्य के लिए पूरी तरह से आशान्वित है। इस योजना की सराहना करते हुए रविना ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि का उपयोग छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर अपने पति के साथ घर चलाने में भी उनकी आर्थिक मदद भी करती है। रविना ने महतारी वंदन योजना के बेहतर संचालन और प्रतिमाह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को खुशी-खुशी धन्यवाद दिया है।

विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप नगद राशि एवं मेडल प्रदान किया गया

दीपशिखा विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्कर्ष संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह में विद्यालय की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रंगारंग कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि फत्तेलाल वर्मा उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्रों पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया तथा प्राचार्य के आर सिन्हा ने साल भर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अपना शालेय प्रतिवेदन प्रस्तुत किये।तत्पश्चात दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा एवं स्थानीय परीक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया । कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा 100 में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा घोषित स्कॉलरशिप नगद राशि एवं मेडल प्रदान किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया जिसमें 15000 रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। जो शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी अपनी कार्य क्षमता और व्यक्तित्व से प्रबंधन समिति को अधिक प्रभावित करते हैं ऐसे शिक्षक- शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को भी समिति द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें बेस्ट टीचर इंग्लिश मीडियम के लिए श्रीमती शिवकुंवर साहू एवं हिंदी मीडियम से श्रीमती पूर्णिमा साहू को मेडल एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड इंग्लिश मीडियम से कु. सरिता देवांगन तथा हिंदी मीडियम से कु. पुष्पांजलि साहू को मिला। बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने के लिए गणित विषय की व्याख्याता प्रमोद कुमार तथा वाणिज्य संकाय के व्याख्याता प्रदीप सिंह को मेडल एवं नगद पुष्प राशि से नवाजा गया । जिन चार विद्यार्थियों का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन किया गया है उन स्काउट गाइड के छात्रों को भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया तथा विद्यालय के 12 स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं ने तृतीय सोपान पूर्ण कर राज्यपाल पुरस्कार के लिए क्वालीफाई किये हैं उन विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। स्कूल गेम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेले गए विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। अंत में विद्यालय से प्रकाशित होने वाले शालेय पत्रिका दीपाकृति का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि विद्यालय विद्या का मंदिर होता है जहां पर छात्र-छात्राओं को अध्यापन के साथ संस्कार भी सिखाया जाता है उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं अभिभावक अपने बच्चों को संस्कार अवश्य ही प्रदान करें। बच्चों को संस्कारवान बनाना अति आवश्यक है उन्होंने यह भी कहा कि यदि विद्यार्थी अपने माता-पिता, गुरुजन एवं बड़े बुजुर्गों का सम्मान करते हैं एवं उनसे आशीर्वाद लेकर के कोई भी कार्य करते हैं तो अवश्य ही वह अपनी लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। समस्त अतिथियों का सम्मान साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें विभिन्न प्रांतो की नृत्य एवं गीत के साथ-साथ प्रेरणादायक नाटक एवं प्रहसन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सोनू राजपूत दुर्ग जिला भाजपा महामंत्री पालक शिक्षक समिति के सदस्य दामेश्वर प्रसाद साहू, राजेश महिपाल समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं, पालकगण, पत्रकार देवेंद्र पटेल, लेखराम सोनवानी, कुलदीप वैष्णव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश व सांसद विजय होंगे अतिथि

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 79 वाँ वार्षिक राज अधिवेशन बुधवार को उतई कालेज परिसर में समाज के उतई, खोपली, पतोरा, डुंडेरा, डुमरडीह, देऊरझाल ग्राम इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, विशेष अतिथि पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, संयोजक युगल आडिल होंगे। उतई नगर इकाई के अध्यक्ष मोरजध्वज वर्मा ने बताया कि मनवा कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन उतई में पहली बार हो रहा है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अधिवेशन का शुभारंभ सुबह 8 बजे से शीतला मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक कलश यात्रा के साथ होगा। पश्चात ध्वजारोहण, महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन, राजकीय गीत, जाति गौरव गीत, अतिथि स्वागत, स्वागत गीत, स्वागत भाषण, प्रतिवेदन वाचन, खुला मंच, अतिथि उदबोधन, छात्रवृत्ति वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। वर्मा ने अधिवेशन में सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

महिलाओं की आर्थिक तरक्की एवं उन्नति के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर ''सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' थीम पर नगर पालिका लोरमी के कबीर भवन में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती एवं भारत माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वेद-पुराण के अनुसार जहां नारी की पूजा और सम्मान होता है, वहां भगवान का वास होता है। उसी के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं के सम्मान और गौरव को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब एवं आम लोगों की समस्या के प्रति संवेदनशील हैं और उनके लिए योजनाएं बना रहे हैं। सबसे पहले हर घर में शौचालय योजना लेकर आए, फिर महतारियों के सम्मान में महतारी वंदन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, राशन कार्ड सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त सभी महिलाओं को मिल चुका है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि हमारी सरकार में शपथ लेते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया। 12 लाख से अधिक किसानों को धान की बकाया बोनस की राशि दी गई। लोरमी विधानसभा में ही 88 हजार 968 और पूरे मुंगेली जिला में 02 लाख 12 हजार 449 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। विष्णु देव सरकार में सांय-सांय विकास हो रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मिले पैसे का उपयोग घर-परिवार की तरक्की, बच्चों की पढ़ाई और उसके उज्जवल भविष्य के लिए करना है। महिलाओं के आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए यह राशि सरकार द्वारा दी जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान व गौरव में वृद्धि होगी। उपमुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में सुपोषण स्टॉल का अवलोकन किया और दो महिलाओं को गोद भराई और दो बच्चों को सुपोषण टोकरी का वितरण किया। साथ ही दो बच्चों को अन्नप्राषन कराया। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लिए षपथ भी दिलाई।

महिलाओं को दी विष्णु की पाती- उप मुख्यमंत्री साव ने महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिलाओं को शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया और विष्णु की पाती प्रदान कर उन्हें मुख्यमंत्री के संदेशों से अवगत कराया। इस अवसर पर महिलाओं ने शासन द्वारा उनके सशक्तीकरण, स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। महिलाओं ने कहा कि साय सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के रूप में प्रदेश की जनता के हित के लिए की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है, इससे हम सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि सुशासन के 01 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा सुशासन के जो आयाम स्थापित किए गए हैं, उसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके सम्मान में वृद्धि करने के लिए महतारी वंदन योजना का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। बड़े पैमाने पर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आमजनों को बीमा सुरक्षा का लाभ देने एवं जागरूक करने के लिए विभिन्न गांवों में जन सुरक्षा शिविर लगाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने बाटे कंबल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सेवा एवं रचनात्मक कार्यों के लिए पूरे प्रदेश में अग्रणी पहचान बनाने वाली अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने शक्ति विकासखंड के दूरस्थ पहाड़ी आंचल दमाऊ धारा सहित अनेको गांव में जाकर वर्तमान में पड़ गई भारी ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया, तथा इस दौरान महिला शाखा ने शक्ति के दृष्टि बाधित स्कूल में खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण किया साथ ही स्कूल प्रबंधन से मिलकर वहां बच्चों के लिए ठंड के समय कंबल एवं गर्म कपड़ों की व्यवस्था भी की, इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल के नेतृत्व में उपरोक्त कार्यक्रम किया गया तथा सुमन अग्रवाल ने कहा कि शक्ति शाखा द्वारा निरंतर सेवा एवं रचनात्मक कार्य किया जा रहे हैं तथा वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर सदस्य शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचकर लोगों की सेवा कर रहे हैं, इस दौरान प्रमुख रूप से शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन विकास अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सदस्य उषा अग्रवाल, संगीता खेतान, सारिका अग्रवाल, अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन की साधना आवश्यक : खिलावन पटेल

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया ग्रुप मंडल मुंगेली के द्वारा 20 दिसंबर को मुंगेली जिले के दो प्रमुख विद्यालयों में दो सत्र में नशा मुक्ति एवं व्यक्तित्व विकास, जीवन प्रबंधन, समय प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण विषय पर डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम कार्यक्रम 12:00 से 1:00 बजे तक सेमरसल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैगा कापा में वर्कशॉप संपन्न किया गया इस डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम को संपन्न करने गायत्री परिवार युवा शाखा दिया कोरबा, गौरेला पेंड्रा, बिलासपुर दिया एवं मुंगेली की टीम के द्वारा संपन्न किया गया जिसमें सेमरसल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को प्रेरित करते हुए प्रांत विस्तारक दिया छत्तीसगढ़ खिलावन पटेल ने कहा कि संघर्षो और कठिनाइयों से ही मिलती है सफलता। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन की साधना आवश्यक। इस मौके पर जिला संयोजक गंगाराम साहू ने भी नशे से होने वाली हानि के विषय में बच्चों को बताया और कहा कि नशा जीवन को नष्ट करने वाला है युवा इससे दूर रहे, मन्नू हंसराज, प्रांत विस्तारक दिया छत्तीसगढ़ खिलावन पटेल, प्रांत सह संयोजक दिया छत्तीसगढ़ ओमप्रकाश बलभद्र, लव कुमार प्रजापति, प्रशांत यादव, भोला साहू सेंदरी से, समीर वस्त्रकार, गायत्री परिवार मुंगेली से सीताराम कश्यप, केदार राजपूत, भानू राम साहू, धनंजय साहू, शिक्षक राजेश वैष्णव, बलराम साहू, हरिशंकर जायसवाल शिक्षक सेमरसल व्याख्याता, उमाशंकर राजपूत शिक्षक, दयालु साहू खंड शारीरिक प्रमुख आदि मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री साव ने 54 विद्यार्थियों को वितरित किया साइकिल

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरूण साव नगर पालिका लोरमी के कबीर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महंत जगन्नाथ दास स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल लोरमी के कक्षा 09वीं की 54 छात्राओं को साइकिल वितरण किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लड़कियों को आगे बढ़ाने और उन्हें शिक्षित बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने छात्राओं को खूब पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्राएं सायकल मिलने से काफी खुश दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि सायकिल मिलने से अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा। बहुत कम समय में ही स्कूल और स्कूल से घर पहुंच जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है। गौरतलब है कि सरस्वती सायकल योजनांतर्गत कक्षा 09वीं की एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्ग की बीपीएल परिवार की छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम अजीत पुजारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना के हितग्राही मौजूद रहे।

चिराग परियोजना अंतर्गत उद्यानिकी मित्रों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार चिराग परियोजना अंतर्गत विकास खण्ड मुंगेली के उद्यानिकी मित्रों का शासकीय उद्यान रोपणी में 05 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में न्यूट्रीशन, सपोर्टिव एंड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के संबंध में विस्तार से बताया गया। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा पोषण बाड़ी, जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीजोपचार, मृदा परिक्षण व उद्यानिकी फसलों के साथ-साथ चिराग योजनांतर्गत चलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रारंभ में सभी उद्यानिकी मित्रों को प्रशिक्षण संबंधी साहित्य एवं डायरी, पैन आदि प्रदाय किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान भगवती साहू, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमिला जोगी एवं नेहा लहरे, उद्यान अधीक्षक एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

जला स्तरीय आवासीय कैंप में बच्चों का दाद-खाज, खुजली, सर्दी खांसी बुखार की सामान्य जाँच कर दवाई वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय आवासीय कैंप मे शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहरी मुंगेली द्वारा बच्चों का खून जांच परीक्षण किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने हीमोग्लोबिन की मात्रा एवं ब्लड ग्रुप को जाना। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें दाद-खाज, खुजली, सर्दी खांसी बुखार की सामान्य जाँच कर दवाई वितरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ मोरज जायसवाल द्वारा सी पी आर का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।सी पी आर को प्रैक्टिकल कर बताया गया। और किस प्रकार हम इमरजेंसी में अपनी सूझ बूझ से रोगी का प्राथमिक उपचार कर सकते है।इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य टीम में डॉ मोरज जायसवाल चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में सुनील साहू फार्मेसिस्ट, सुनील राजपूत लेब टेक्नीशियन ने अपनी सेवाएं दी है। इसके अलावा बच्चों ने सूंघने, देखने, चखने, और स्पर्श कर वस्तुओं को पहचानने की गुर सीखे। विभिन्न प्रकार के गांठें नॉट्स बांधने सीखा। प्रशिक्षक पीताम्बर मानिकपुरी, वीरेंद्र कश्यप, विजेंद्र कश्यप, भूपेंद्र राजपूत सहित स्काउट मास्टर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

प्रशासन गांव की ओर...सुशासन सप्ताह के तहत् ग्राम पंचायत सोनक्यारी में कार्यक्रम आयोजित

ग्रामीणों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सुशासन सप्ताह 2024 के तहत् प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम अंतर्गत् मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोनक्यारी में शिविर का आयोजन कर आमजनों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। सुशासन सप्ताह के तहत् ग्राम पंचायत सोनक्यारी आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी किया गया।

साथ ही सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई और योजनाओं लाभ लेने के लिए आग्रह किया गया।

मनोरा में गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ कांग्रेस का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

- संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के लिए की गई टिप्पणी को लेकर आंदोलन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संसद में भीमराव बाबा साहब अम्बेडकर को लेकर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है. मंगलवार को मनोरा विकासखंड में ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया. केंद्रीय गृह गंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसमा में संविधान निर्माता बावा साहद डॉ. भीमराब अग्बेडकर के संदर्भ में दिये गये आपत्तिजनक बयान के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस कार्यकम मै बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण समिलित हुए।

सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ

मुंगेली। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर शास उच्च माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर इकाई द्वारा ग्राम पंचायत बोदा के ग्राम मदनपुर में शास प्राथमिक शाला भवन में उद्घाटन में मुख्य अतिथि ए पी ओ आकाश सिंह परिहार विशिष्ट अतिथि सरपंच उत्तरा अंचल अध्यक्षता प्राचार्य एन डी कुर्रे , शाला मदनपुर के प्रधान पाठक देवेन्द्र सिंह परिहार, नयन सिंह, आर्यन सिंहपरिहार धन सिंह ढिंढोरे, एवं समस्त स्वयं सेवक, आकाश परिहार किसी भी कार्य को करने निकले है पहले मन से संकल्प लीजिए और मेरा युवा भारत के लिए डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीं के तहत आप सभी को बधाई देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र सभी का स्वागत किए और सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ हुआ।

विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों पर दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश, समय सीमा की बैठक संपन्न

कलेक्टर ने धान खरीदी, उठाव और बारदाने की अद्यतन स्थिति की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस.जयवर्धन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जन चौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरणों का समय सीमा पर निराकृत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिसमें लंबित प्रकरण, जवाबदावा प्रस्तुत होने वाले प्रकरण और कंटेप्ट लगने वाले प्रकरणों की सिलसिलेवार गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी, उठाव और बारदाने की अद्यतन स्तिथि पर भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। सभी धान खरीदी केंद्र में धान उठाव हेतु गाड़ी नियमित रूप से लगे, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम, उपसंचालक कृषि व खाद्य विभाग व उनसे संबंध विभाग को औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये ताकि धान खरीदी व उठाव की व्यवस्था सुचारु रूप से संपन्न हो। सभी विभाग प्रमुखों को जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं को धरातल पर सशक्त रूप से लागू करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। इसके साथ ही कार्यस्थलों पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए विशाखा कमेटी के गठन के सुप्रीम कोर्ट व केंद्र सरकार के निर्देश के परिपालन में उपस्थित सर्व विभाग अध्यक्ष को शीघ्र विशाखा कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र. 17

अटल विहार योजनांतर्गत:-

1. सेलूद पाटन, जिला-दुर्ग में 18 एम.आई.जी., 31 एल.आई.जी. एवं 11 ई.डब्ल्यू. एस. (कुल 60 भवनों) तथा 14 दुकानों का निर्माण एवं भूमि के आंशिक विकास कार्य प्रपत्र-फ में राशि रू. 869.68 लाख।

2. जोराताल कवर्धा, जिला-कबीरधाम में 63 नग एल.आईजी. एवं 29 ई.डब्ल्यू. एस. भवनों के निर्माण व 2.493 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य प्रपत्र-फ में राशि रू. 1132.88 लाख।

3. ग्राम-सिहाद, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी में 07 नग एम.आई.जी. अहाता सहित, 72 नग एल.आई.जी. अहाता सहित एवं 24 नग ई.डब्ल्यू.एस. भवन (कुल 103 नग भवनों) का निर्माण कार्य एवं 10.03 एकड़ भूमि का आंशिक विकास कार्य (आर.सी.सी. रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, कल्वर्ट, सिवरेज पाईप लाईन, सम्पवेल, वॉटर सप्लाई लाईन, पंप रूम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग ट्यूब वेल, एस.टी.पी. सिविल कार्य बाह्य अहाता मुख्य द्वार सहित) हेतु प्रपत्र-फ में राशि रू. 1054.27 लाख।

4. ग्राम-खरतुली, तहसील व जिला-धमतरी में 12 नग एम.आई.जी. आहाता सहित, 48 नग एल.आई.जी. आहाता सहित एवं 55 नग ई.डब्ल्यू.एस. भवन (कुल 115 नग भवनों) का निर्माण कार्य एवं 9.39 एकड़ भूमि का आंशिक विकास कार्य (आर.सी. सी. रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, कल्वर्ट, सिवरेज पाईप लाईन, सम्पवेल, वॉटर सप्लाई लाईन, पंप रूम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग ट्यूब वेल, एस.टी.पी. सिविल कार्य बाह्य आहाता मुख्य द्वार सहित) हेतु प्रपत्र-फ में राशि रू. 1102.16 लाख।

की ऑनलाईन निविदा 'प्री-क्वालीफिकेशन' के आधार पर एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-दुर्ग/कवर्धा / धमतरी के मो.नं. 94242-09025, 94242-84256, 94064-40772 पर सम्पर्क करें।

उपायुक्त

"मकान नहीं घर बनाते हैं-पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं"

संवाद 42553/3

निगम स्वामित्व के करोड़ों की जमीन, अधिकारियों ने औने-पौने में देने की कर ली थी तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर में शासकीय जमीनों की कमी बताकर आसपास के अंचलों में ऐसी भूमियों की तलाश की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शासकीय अस्पताल के समीप स्थित खुली भूमि को लेकर नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने उक्त भूमि का कोई उपयोग नहीं है, कहकर लावारिस छोड़ दिया है। निगम के उक्त अधिकारियों की लापरवाही के चलते इस भूमि पर कुछ धनाड्य किस्म के व्यक्ति नजर लगाये हुए हैं। सुरक्षा के अभाव में यह भूमि भी अतिक्रमण के चपेट में आने से नहीं नकारा जा सकता। बेशकीमती इस भूमि को निगम के अधिकारियों द्वारा उपयोगहीन बताकर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाये जाने की बात सामने आ रही है। निगम के जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित व्यक्ति की मिलीभगत से यह जमीन लगभग निगम के हाथ से निकल चुकी थी। समय रहते इस बात की जानकारी महिला जनप्रतिनिधि को हुई और उसने निगम के जिम्मेदार अधिकारी से यह पूछा कि निगम के स्वामित्व की करोड़ों की जमीन की वर्तमान में निगम को आवश्यकता नहीं है, इस तरह का पत्राचार आखिर कैसे किया गया, तो इसका अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था। आखिरकार महिला जनप्रतिनिधि की मेहनत रंग लाई और बेशकीमती जमीन के आबंटन की कार्यवाही को रोकना पड़ा। निगम ऐसे भी अलग अलग कारनामों के लिये चर्चा में बनी रहती है। अब नया मामला निगम के स्वामित्व वाली करोड़ों की जमीन को यहां पदस्थ अधिकारियों ने औने-पौने दर पर देने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है।

नगर पालिक निगम द्वारा उसके स्वामित्व वाली भूमि को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। इसी के चलते पेंटिनगंज की भूमि भी बिना उपयोग के कचरों के ढेर में तब्दील

हो गई है। इसके आसपास कचरों का साम्राज्य स्थापित हो गया है। मवेशियों के गोबर वहां बदबू कर रहे हैं और इसी के समीप बस स्टेंड स्थापित है जहां से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में विभिन्न क्षेत्रों से आये लोग अपने गंतव्य को बस में बैठकर रवाना होते हैं। इसी तरह निगम के अधिकार वाली अनेक स्थानों पर भूमि स्थित है जिसे संरक्षित करने के लिये तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धमतरी डॉ एन पी गुप्ता ने प्रयास भी किया था। लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में समा गया। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ऐसे अनेक भूमि है जिसका संरक्षित किया जाना आवश्यक माना जा रहा है। इसके दस्तावेज भी निगम के कार्यालय में नहीं बताये जा रहे हैं। इन्हीं भूमियों में शासकीय अस्पताल के आसपास बेशकीमती भूमि खाली पड़ी हुई है जिसे लेकर निगम में बैठे अधिकारियों द्वारा उक्त भूमि को उपयोगहीन बताया जा रहा है, जो कि हास्यास्पद है। निगम के अधिकारी अपनी संपत्ति को बचाने और अपने कर्तव्य का पालन करने के प्रति कितने उदासीन हैं, इसका पता उक्त बेशकीमती भूमि से दिया जा सकता है जिसकी आज सुरक्षा की जरूरत बताई जा रही है।

अधिकारियों की नादिरशाही इस बात से भी लगाई जा सकती है कि वे लाखों, करोड़ों रूपये के कार्य में कभी भी स्थल में जाकर निर्माण कार्यों का जायजा नहीं लेते। न ही शिकायतों के निराकरण के लिये कोई पहल करते हैं। कार्यालय में भी इनका बहुत कम दर्शन होता है। स्थल निरीक्षण के नाम पर भी इनकी उपस्थिति नहीं देखी जाती। और तो और इन अधिकारियों द्वारा एक ही व्यक्ति को लाखों, करोड़ों रूपये के कार्य दिये जाने से भी गुरेज नहीं किया जाता। पिछले चार साल में शहर के एक व्यक्ति को करोड़ों रूपये का कार्य दे दिया गया। अधिकारियों की लापरवाही और उनकी नादिरशाही से शहरवासियों की मूलभूत समस्याओं का भी निराकरण नहीं किया जा रहा है। शहर के 40 वार्डों में सफाई के अभाव में गंदगी ही गंदगी नजर आती है। शहर के जागरूक नागरिकों ने अधिकारियों की लाल फीताशाही को खत्म करने नवागत आयुक्त से काफी उम्मीदें जताते हुए कहा है कि शहर को स्वच्छ रखने के लिये ऐसे अधिकारियों को फील्ड में भेजने का निर्देश देवें। मामला शासकीय अस्पताल के समीप स्थित बेशकीमती भूमि का है जो अभी वर्तमान में निगम के स्वामित्व वाली भूमि है। उसे भी कुछ जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अपने स्वार्थपूर्ति के चलते करोड़ों की जमीन को लाखों में देने के लिये तैयार हो चुके थे। लेकिन एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को इस बात की जानकारी लगी तो वह इस पूरे मामले पर लिखा-पढ़ी कर विरोध जताना शुरू किया जिससे उक्त अधिकारियों के मंसूबे फैल हो गये।

बताया जाता है कि उक्त निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के द्वारा विरोध किये से ही यह भूमि निगम स्वामित्व की मानी जा रही है किंतु निगम के अधिकारियों ने अभी तक इस भूमि को सुरक्षित करने के कोई उपाय नहीं किये हैं। खबर तो यह है कि निगम के अन्य जमीनों पर शासकीय अस्पताल के ईर्दगिर्द कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान, दुकान बना लिये गये हैं जिसका यदि सर्वेक्षण किया जाता है तो और दस्तावेज का मिलान किया जाता है तो यहां ऐसे अनेक लोगों द्वारा अतिक्रमण होना साबित हो सकता है। इस बात की जानकारी जब शहर में चर्चित हुई कि निगम के कुछ अधिकारी ही निगम की बेशकीमती जमीनों को औने-पौने दाम में बेचने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें सफेदपोश नेताओं की भी संलिप्तता भी बताई जा रही है तो इसे लेकर मांग उठ रही है कि नवागत तेज-तर्रार आयुक्त प्रिया गोयल जो कि शहर के नागरिकों और शहर के विकास को लेकर धीर-गंभीर नजर आ रही हैं और लगातार विभिन्न वार्डों का दौरा कर रही हैं, उनसे इस संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग बलवती हो रही है ताकि निगम के स्वामित्व वाली भूमि को सुरक्षित कर वहां किसी शासकीय उपक्रम के योजनाओं की शुरूवात की जा सके। उल्लेखनीय रहे कि बेशकीमती भूमि को औने-पौने दाम में बेचने को लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि ने जो विरोधस्वरूप पत्र व्यवहार किया है, उसकी शहर में जबरदस्त चर्चा है।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल से दूरभाष पर संपर्क कर इस संबंध में उनका पक्ष लिया गया जिसमें उन्होंने कहा कि इस मामले को आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। इस पूरे मामले की मेरे द्वारा निष्पक्ष जांच करवाई जायेगी और इसमें जो भी दोषी होंगे उन पर कार्यवाही की जायेगी।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियो को प्रदान किए पदक

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका छुरा विकासखंड अंतर्गत नवापारा कोसमी स्थित आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने दीक्षांत समारोह में शामिल होकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पीएचडी, स्नातकोत्तर, स्नातक एवं डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की। इनमें 29 विद्यार्थियों को पीएचडी एवं 13 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक की उपाधियां प्रदान की गई। इस प्रकार लगभग 260 विद्यार्थियों को आज दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डॉ. चरणदास महंत ने क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रभु जीसस क्रिस्ट के जन्मदिन क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

शुभकामनाएं। डॉ. महंत ने कहा, त्याग, बलिदान, मानवता, प्रेम के प्रतीक विश्व विख्यात प्रभु यीशु मसीह के मानने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। क्रिसमस ईसाई समुदाय का सबसे प्रमुख त्योहार है जो हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसे प्रभु यीशु के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस ना सिर्फ धार्मिक मायनों में एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है, बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है. इस दिन एक दूसरे को उपहार दिए जाते हैं और प्यार व खुशियां बांटी जाती हैं।

प्रयास की बेमेतरा टीम का नेक पहल

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेहद कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए बेमेतरा की झुग्गी-बस्ती में प्रयास इस्माल स्टेप फाउंडेशन के द्वारा बेहद अभाव में जी रहे नट और आदिवासी बस्ती में जाकर बच्चों को स्वेटर और बड़े बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बेमेतरा अपर कलेक्टर एल जगत, जिला समन्वयक भुपेंद्र साहु, बीआरसी राजेंद्र साहू भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहु, संस्कृति व्यापार मेला के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर जी एल जगत द्वारा सभी को स्वच्छता और शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए सभी लोगों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनें की बात कही गयी।साथ ही संस्था के सदस्यों द्वारा वृद्धा आश्रम में जाकर शॉल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्य, गोविंद साहु, ज्योति बनाफर सुनिता राजपूत, राज किरण मिश्रा, रश्मि तिवारी, पवन तिवारी, ममता साहू, रश्मि सोनी अभिनव ठाकुर, सुकन्या सिंह का योगदान रहा।

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने खेल परिसर का किया निरीक्षण

खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने निरंतर प्रयास

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने बसना के दशहरा मैदान में खेल परिसर का निरीक्षण किया और वहां पर किए जा रहे रेनोवेशन कार्य मंच निर्माण, शेड निर्माण, ग्राउंड लेबलिंग, रनिंग पाथवे और अन्य विकास कार्यों के बारे में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि दशहरा खेल परिसर को सुंदर और आकर्षक खेल मैदान के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि युवा खेलों के प्रति आकर्षित होकर इनमें भाग लें. खेल परिसर बसना में खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खेल मैदान में दर्शकों के प्रवेश करने और बाहर जाने के लिए स्थान को और अधिक कारगर बनाया जा रहा है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का

सामना न करना पड़े। इस दौरान विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, शीत गुप्ता,कामेश बंजारा, सीएमओ सुरज सिदार, रमेश कर, राकेश अग्रवाल, मुकेश मित्तल आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक ग्राम बारगांव में सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करना था। शिविर में महाविद्यालय के 44 स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले, सहायक प्राध्यापक आशीष एक्का एवं खुशबू ध्रुव देखरेख में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में ग्राम के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों, तालाब, और सार्वजनिक स्थलों को साफ किया। इस दौरान गांववासियों को साफ-सफाई और स्वच्छ भारत अभियान के महत्व के प्रति जागरूक किया। विभिन्न जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और स्वच्छता जैसे विषयों पर नाटक , दिवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक और समूह गीत के माध्यम से संदेश पहुंचाया। ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान के सुझाव भी दिए। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर संदेश देने का प्रयास किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी।

अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों ने रचा इतिहास

निकाला फेफड़े और हार्ट से चिपका पांच किलो का ट्यूमर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने 52 वर्षीय महिला के फेफड़े और हार्ट से चिपका लगभग पांच किलोग्राम वजनी मेडिस्टाइनल ट्यूमर को निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सर्जरी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि सर्जन की टीम इस कैंसरस ट्यूमर को सावधानीपूर्वक बाहर नहीं निकालती तो शरीर के वाइटल ऑर्गन हृदय और फेफड़े में चोट लगने का खतरा हो सकता था। अम्बेडकर अस्पताल के दक्ष सर्जन टीम की बदौलत इस जटिल सर्जरी के बाद मरीज स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई। इस तरह की मुश्किल सर्जरी को सफलता पूर्वक संपन्न करने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अंबेडकर अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द ओपन हार्ट सर्जरी और कोरोनरी बायपास सर्जरी की सुविधा भी लोगों को मिलने लगेगी। अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 52 वर्षीय महिला लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ अम्बेडकर अस्पताल पहुंची। सीटी स्कैन एवं अन्य जांच कराने पर पता चला कि मरीज के छाती के अंदर और हार्ट से चिपका हुआ बहुत बड़ा ट्यूमर है। मरीज की हालत इतनी खराब थी कि वह ठीक से सांस भी नहीं ले पा रही थी इसलिए उसको हाईप्रेशर (बाईपेप) वेंटीलेटर में रखा गया। ट्यूमर इतना बड़ा था कि वह हार्ट को दबाकर दूसरे भाग में शिफ्ट कर दिया था एवं फेफड़े के साथ-साथ सांस नली भी दब गई थी। अन्य संस्थानों में मरीज को ऑपरेशन के लिए मना कर दिया गया था। योजना के अनुसार कैंसर सर्जन डॉ. आशुतोष गुप्ता एवं हार्ट और चेस्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू की टीम के संयुक्त प्रयास से यह ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। इस ऑपरेशन के दौरान हार्ट लंग मशीन को भी तैयार करके स्टेंड बाई मोड में रखा गया था क्योंकि यदि किसी कारण से हार्ट या पल्मोनरी आर्टरी में चोट लग जाती है तो मशीन से सपोर्ट मिल जाता। ट्यूमर लगभग पांच किलोग्राम का था। बाद में बायोप्सी करने पर पता चला कि यह मैलिग्नेंट ट्यूमर है जिसको सार्कोमा कहा जाता है जो कि बहुत भयावह ट्यूमर होता है।

परिसीमन के बाद बदली वार्डों की स्थिति पार्षद चुनाव के लिए प्रभावित, वर्तमान पार्षदों को तलाशनी होगी नई जमीन

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों हुए नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्डों के आरक्षण से कुम्हारी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में राजनैतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर के चौक- चौराहे, धार्मिक-सामुदायिक स्थलों एवं सोशल मीडिया ग्रुप्स में दावेदारों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। राजनैतिक पार्टियों के अलावा वार्ड वासियों ने भी वार्ड के लिए उम्मीदवार के चेहरे तलाशने शुरू कर दिए है। एक ओर जहां वार्ड आरक्षण के बाद कई वार्डों में वर्तमान पार्षदों के चुनाव लड़ने के रास्ते साफ होते दिख रहे है तो कई वार्डों में वर्तमान पार्षदों के चुनाव लड़ने पर वार्ड आरक्षण का रोड़ा उत्पन्न हो रहा है। हालांकि वार्ड आरक्षण के बाद महिलाओं, युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पिछड़ा वर्ग भी चुनाव को लेकर खुश दिख रहे है। लेकिन इनके विपरीत कुछ नेताओं के परंपरागत वार्डों में चुनाव न लड़ पाने को लेकर मायूसी जरूर दिखाई दे रही है। कारण है उन्हें चुनाव लड़ने के लिए दूसरे वार्डों में जमीन तलाशने होंगें।

वार्ड आरक्षण से नेताप्रतिपक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं के वार्ड प्रभावित

ज्ञात हो कि वार्ड आरक्षण से प्रभावित वार्डों में नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू के वार्ड 19 भी शामिल है। इस वार्ड में महिला उम्मीदार चुनाव लड़ सकती है। वहीं वार्ड 9 व 10 जहां पहले से पार्षद निश्चय वाजपेयी व सुधाकर त्रिपाठी अगर दोबारा चुनाव लड़ते है तो उन्हें दूसरे वार्डों से किस्मत आजमाना होगा। यही हाल कांग्रेसी पार्षद प्रमोद चंद्राकर एवं राकेश कुर्रे के वार्ड में भी होते दिख रहे है। आरक्षण से प्रभावित हुए वार्ड क्रमांक 21 व 17 महिलाओं के लिये आरक्षित है। पूर्व एल्डरमैन ललित सिंह राजपूत को भी वार्ड 9 ओबीसी होने से बड़ा झटका लगा है। पिछले चुनाव में कम वोटों से हारने के बाद इस बार के चुनाव में जीतने के दावे पर ग्रहण लगता दिख रहा है। नगर में चुनावी परिदृश्य के विषय में बात करें तो सबसे बड़ा झटका कांग्रेसी पार्षद वार्ड तीन के थनेश पटेल को लगा है। आरक्षण के पहले ही वार्ड परिसीमन से वार्ड क्रमांक तीन की सीमाओं में फेर बदल से वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हुआ है। ऐसे में उनके चुनाव लड़ने पर अब संशय कायम हो गया है। हालांकि उनकी परम्परागत सीट रही वार्ड 2 से उन्हें चुनाव लड़ाया जा सकता है। लेकिन पार्टी हाईकमान के लिए पहले से वार्ड 2 के पार्षद महेश सोनकर का समायोजन करना बड़ा सिरदर्द हो सकता है। हालांकि वार्ड आरक्षण के बाद भाजपा, कांग्रेस सहित नगर के कई कद्दावर नेता वरिष्ठ नागरिकों ने चुनाव लड़ने के लिए तैयारियां शुरू कर दिया है।

वार्ड क्रमांक 13 में नए उम्मीदवारों को मिलेगा अवसर

परिसीमन से वार्ड क्रमांक 13 के सीमाओं में परिवर्तन के बाद वार्ड आरक्षण में यह सीट अनारक्षित हुआ है ऐसे में इस वार्ड से नए प्रत्याशियों को सुनहरा अवसर मिलेगा यह सीट पहले अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित वार्ड था।

प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद दुर्ग लोकसभा में विजय बघेल के सांसद चुनने से कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में भाजपा नेताओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। पार्टी के सक्रिय वरिष्ठ एवं कद्दावर नेताओं ने पहले ही चुनाव लड़ने को लेकर मंशा जाहिर की है। नगर में लोकेश साहू, राजू निषाद, रामाधर शर्मा, राकेश पाण्डेय, रागिनी निषाद, तृप्ति चंद्राकर,आरुषि पाण्डेय, रीता पाण्डेय, मनोज वर्मा, मिथलेश यादव, निश्चय वाजपेयी, आशीष शुक्ला, रामकुमार सोनी, प्रवीण राव, नारायण सोनकर, सुनीता कुर्रे, अश्विनी देशलहरे, अनुराग गुप्ता, माखन लाल कोसरिया, योगेश साहू, गोल्डी गोस्वामी, सुजीत यादव, गौरव पटेल, गोविंद बघेल, उमाकांत साहू, विनोद बंजारे, अवधेश शुक्ला, राजकुमार सिंह सहित कई नेताओं के अलावा वर्तमान पार्षद भी दावेदारों के लिस्ट में शामिल हो सकते है।

वर्तमान में कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड

वार्ड क्रमांक 1 शांति टंडन वार्ड क्रमांक 2 महेश सोनकर, वार्ड क्रमांक 3 थनेश पटेल, वार्ड क्रमांक 4 मनहरण यादव, वार्ड क्रमांक 5 राजेश्वर सोनकर, वार्ड क्रमांक 7 लता खैरवार, वार्ड क्रमांक 8 प्रमोद सिंह राजपूत, वार्ड क्रमांक 11 नीतू रावते, वार्ड क्रमांक 12 सती यादव, वार्ड क्रमांक 13 ललिता ध्रुव, वार्ड क्रमांक 14 ओमनारायण वर्मा , वार्ड क्रमांक 16 यूजेन्द्र साहू, वार्ड क्रमांक 17 राकेश कुर्रे, वार्ड क्रमांक 18 के रवि कुमार, वार्ड क्रमांक 20 जानकी ध्रुव, वार्ड क्रमांक 21 प्रमोद चंद्राकर, वार्ड क्रमांक 24 कुमारी बाई निषाद।

चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है इस बार भी कुम्हारी नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी जीत की हैट्रिक लगाएंगी एवं नगर को विकसित करने का कार्य करेगी। उम्मीदवार चयन हाईकमान के द्वारा ही तय किया जाएगा पार्टी एवं कार्यकर्ता बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है।
प्रमोद सिंह राजपूत
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुम्हारी

वार्ड आरक्षण प्रक्रिया के बाद लगातार भाजपा शीर्ष नेतृत्व प्रत्याशियों को लेकर मंत्रणा कर रही है। देश प्रदेश के बाद नगर में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करने वाला है। इस बार कांग्रेस का किला ध्वस्त हो के रहेगा। परिषद में अध्यक्ष के साथ अधिक से अधिक पार्षद भाजपा के ही होंगे
धर्मेंद्र सिन्हा
भाजपा मंडल अध्यक्ष कुम्हारी

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 33/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-02/2024 **रायपुर, दिनांक 23/12/2024**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा ''अ'' में सीलबंद निविदायें तथा लिफाफा ''ब'' में एफ. डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 09.01.2025 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.01.2025 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक 02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि रू. (लाख में)	अमानती राशि	समयावधि	मद का नाम
1	शहीद हेमू कालानी वार्ड क्रमांक 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर-02 में एस.डी. श्रीवास्तव के मकान से गोपाल अग्रवाल के मकान तक नाली मरम्मत कवर्ड कार्य।	2.00	2000=00	01 माह	पार्षद निधि
2	शहीद हेमू कालानी वार्ड क्रमांक 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर-02 में सिद्धि विनायक गार्डन राजेश गोयल के मकान के सामने डस्ट एरिया में वाईडिंग कार्य।	1.50	2000=00	01 माह	पार्षद निधि
3	शहीद हेमू कालानी वार्ड क्रमांक 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर-01 में जैन हास्पिटल के सामने वर्मा जी के मकान से वर्षा बोरा के मकान तक नाली मरम्मत कवर्ड कार्य।	1.50	2000=00	01 माह	पार्षद निधि
4	जोन क्र. 02 अंतर्गत वार्ड क्र. 06 एवं 26 में गेट वाल्व लगाने का कार्य।	1.49	2000=00	01 माह	संधारण मद
5	जोन क्र. 02 अंतर्गत वार्ड क्र. 13 एवं 27 में गेट वाल्व लगाने का कार्य।	1.49	2000=00	01 माह	संधारण मद

1. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियाँ जोन क्र. 02 कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, शहीद स्मारक स्कूल परिसर, बीएसएनएल ऑफिस के पास, के.के.रोड, रायपुर से कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य-योजना का हुआ अनुमोदन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में आज जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद की बैठक सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। अपूर्ण कार्यो शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य-योजना का अनुमोदन किया गया है। जिसमें 2024-25 के कार्य योजना अन्तर्गत प्राथमिक सेक्टर में 49 करोड़ रूपये एवं अन्य सेक्टर के लिए 32 करोड़ रूपये के कार्य शामिल है। उक्त बैठक में जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक भाटापारा इंद्र साव, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, सदस्य अजय राव, संकेत अग्रवाल, चित्ररेखा साहू अन्य नामांकित सदस्यो सहित जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह,अन्य समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डीएमएफ का ग्रामीण विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान है। हमारी सरकार एक नई सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ की राशि का उचित उपयोग करेगी जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां समय सीमा भीतर गुणवत्तता युक्त कार्य करे। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं स्वीकार की जाएंगी। वर्मा ने निर्माण कार्यों से ज्यादा प्राथमिकता सेवा संसबंधी कार्यों को दिए गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, टेक्निशियन के रिक्त पदों पर डीएमएफके मद से पूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए सरकार से नियमित रूप से बजट नहीं मिल पाती है, उनके लिए गैप फिलिंग के तौर पर काम लिया जाएगें। इसके अतरिक्त अन्य कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में पदेन अध्यक्ष जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नियमों की प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध कुल राशि के 60 प्रतिशत काम उच्च प्राथमिकता के और 40 प्रतिशत काम अन्य प्राथमिकता के कामों में खर्च किए जाएंगे। पदेन सचिव जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि उच्च प्राथमिकता के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण,स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य गतिविधियां, महिला एवं बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याण के काम, सतत जीविकोपार्जन और इन कामों को संपादित करने के लिए मानस संसाधन की आपूर्ति शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता के अंतर्गत भौतिक अधोसंरचना,सिंचाई,ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास,सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण,युवा गतिविधियों को बढ़ावा,ग्राम सभा के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण,राज्य शासन की योजनाओं कार्यक्रम पूर्ति के लिए शामिल हैं। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर डीएमएफ सहायक विकास अधिकारी विजय बंजारे,दिले राम खुटे, एकाउंटेट शेखर सोनी सहित डीएमएफके अधिकारी कर्मचारी के गण उपस्थित रहे।

शास.उच्च.माध्यमिक विद्यालय पंडरापाठ में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय के अंग्रेजी के प्रोफेसर डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में महाविद्यालय के इंग्लिश क्लब तथा एनएसएस के संयुक्त प्रयास से पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरापाठ में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में 11वीं एवं 12वीं सभी विषयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य बाला प्रसाद यादव ने डॉ राजीव रंजन तिग्गा का स्वागत अभिनन्दन किया एवं उनकी संक्षिप्त जानकारी दी तथा व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया. डॉ तिग्गा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया तथा इस कार्यक्रम के आयोजन का अभिप्राय समझाते हुए सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ का स्वागत किया डॉ तिग्गा ने पाठ की प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए इसे प्राकृतिक स्टडी कॉर्नर कहा जहां की सुंदर सुखद जलवायु पढ़ने के लिए बहुत ही अनुकूल है उन्होंने कहा कि शहरों में कई तरह के प्रदूषण है जहां मन की एकाग्रता हमेशा बाधित होती रहती है लेकिन पाठ में यहां की प्रकृति ही स्टूडेंट को मोटिवेट करती है यहां का शांत सुखद वातावरण पढ़ाई करने वालों के लिए स्वर्ग के समान है. स्टूडेंट को मोटिवेट करते हुए कहा कि कठिनाई को कठिनाई मानो ही मत तो कठिनाई कैसे कठिनाई बनेगी. दिमाग से यह निकाल दें कि यह दुरस्त है दुर्गम क्षेत्र है क्योंकि टेक्नोलॉजी के इस युग में कोई दूरस्थ नहीं है मन से असंभव शब्द को निकाल दे तो सब सहज और सरल हो जाएगा. डॉ तिग्गा ने NEP 2020 की जानकारी दी तथा इसके लिए अभी से तैयार रहने की सलाह दी कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य बाला प्रसाद यादव ने डॉ तिग्गा का धन्यवाद किया तथा उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी।

महतारी वंदन योजना से रेणु के सिलाई कार्य में आई तेजी इलेक्ट्रिक मशीन की मिली सुविधा

मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रेणु ध्रुव पति महेश्वर ध्रुव के साथ मेहनत-मजदूरी करके घर का खर्च चलाती थी। रेणु घर के कामकाज और बच्चों की देखभाल के साथ-साथ सिलाई का काम भी करती हैं। हालांकि उनके पास एक साधारण सिलाई मशीन थी जिससे काम धीमा और थकाऊ हो जाता था। फिर भी वह अपने सपनों को साकार करने की कोशिश में जुटी रहीं। इसी बीच उनके जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आई महतारी वंदना योजना। इस योजना के तहत रेणु को हर महीने एक हजार रुपये सहायता राशि मिलने लगी। महेश्वर ध्रुव ने रेणु ध्रुव को यह राशि उनके सिलाई कार्य में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। पति-पत्नी ने साथ बैठकर योजना बनाई और जब नौवीं किश्त उनके खाते में आई तो उन्होंने अपनी सिलाई मशीन में इलेक्ट्रिक मोटर लगवा दी। अब उनकी साधारण मशीन एक आधुनिक इलेक्ट्रिक सिलाई मशीन बन गई।अब सिलाई व्यवसाय में भी तेजी आई है और सुविधा भी हो रही है। नई मशीन के साथ जब रेणु ने पहली बार सिलाई की तो उनकी आँखों में आत्मविश्वास और खुशी झलक रही थी। अब उनका काम न केवल तेज़ हुआ, बल्कि उनका उत्पादन भी बढ़ा। पहले, जो काम उन्हें पूरा दिन लगता था, अब वह कुछ ही घंटों में निपटा लेती थीं। इससे उनकी आमदनी में इज़ाफ़ा हुआ और घर की आर्थिक स्थिति बेहतर होने लगी।

रेणु ने भावुक होकर कहा, महतारी वंदना योजना ने मेरे सपनों को उड़ान दी है। मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का तहेदिल से धन्यवाद करती हूँ। इस योजना से हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला है। मेरे पति महेश्वर ने भी मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, जिसके बिना मैं यह सब नहीं कर पाती।

सोना वर्मा बनी भारतीय जनता पार्टी खरोरा की मंडल अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी व्दारा संगठन महापर्व का आयोजन कर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही हैं। वहीं इस बार रायपुर ग्रामीण ज़िला अंतर्गत खरोरा मंडल का कमान महिला को सौंपा गया। यहाँ ज़िला पंचायत सदस्य एवं पुर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सोना वर्मा को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया गया। सोना वर्मा पुर्व में संगठन के कई बड़ी ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कर चुकीं हैं, वे विपक्ष में रहकर भी लगातार कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ धरना प्रदर्शन में भाग लेती रहीं हैं। इसी के चलते सोना वर्मा को मंडल अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सौंपा गया। भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्याम नारंग व्दारा स्थानीय विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बैठक कर सोना वर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाने की जानकारी दी गई। इस दौरान पुर्व विधायक देवजी भाई पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, पुर्व मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, गुलाब टिकरिहा, निलाम्बुज चंद्राकर, दुलेश साहू, दुष्यंत साहू, विकास ठाकुर, दाऊ लाल वर्मा, तोरण ठाकुर, संतोष वर्मा, आत्मा राम, मनीष वर्मा, संतोष यादव, परस नायक, योगेश वर्मा, हिरा राम वर्मा, गैंदराम् वर्मा, सुन्दर वर्मा, दुलेश साहू, जनक यादव, संतोष वर्मा, मुरली वर्मा, खड़ा नंद वर्मा, लीलाधार वर्मा, सुन्दर वर्मा, विजय वर्मा, भूपेन्द्र सेन, सुमीत सेन, निहाल देवांगन, नोबेल देवांगन आदी लोग उपस्थित थे।

खरोरा -वार्ड क्रमांक 07 विकास की ओर एक कदम और अग्रसर

नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ पूजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 07 के वार्ड वासियों ने नाली से पानी निकासी की समस्या की शिकायत विगत कई वर्षों से शिकायत करते आ रहे थे उक्त समस्या के समाधान के लिए वार्ड पार्षद तोरन ठाकुर के द्वारा लगातार प्रयास किया गया , उक्त समयया को नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी ने भी गंभीरता से लिया तथा विधायक अनुज शर्मा के सहमति से लगभग 14:00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई!उक्त स्वीकृत राशि से बनने वाली नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ करने वार्ड के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति मे नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पूजन किया गया उक्त अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद तोरन ठाकुर, डाक्टर विनायक सिंह ठाकुर, रामखिलावान पाटकर, विकास ठाकुर, बुधराम देवांगन, तेज राम सेन, जय प्रकाश वर्मा, उमेदा देवांगन, संजू सेन, बिल्लू यादव, रामभरोषा धिवर उपस्थित रहे!

मुक्तिधाम में स्ट्रीट लाइट, पोस्टमार्डम रूम और बोर खनन का किया गया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर नगर के मुक्तिधाम में मंगलवार को नगर पंचायत के द्वारा पोस्टमार्टम रूम, पंप हाउस एवं गली में स्ट्रीट लाइट लगाया गया जिसका लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ,समिती अध्यक्ष शंकर गांधी, अनंत गोपाल कोठारी उपाध्यक्ष, अम्बिका उपाध्यक्ष राकेश रामानी प्रसाद सोनी, ईश्वर प्रसाद साहू, सचिव दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष जी आर मरसकोले, सह सचिव वामन करण सिंह ठाकुर डड़सेना, मुकेश चंद्रकर, नमन जैन पार्षद भगवान सिंह, दीपंकर, मजूमदार, महेश जैन, जीवन यादव, संजय साहू, प्रगट सिंह सरदार, आदि समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। विगत कुछ वर्षो से समिति के द्वारा मुक्तिधाम का कायाकल्प किया जा रहा है। वर्षों से पुराने भवन में पोस्टमार्टम किया जा था जिसमे बिजली और पानी की व्यवस्था नही थी। परिजनों के लिए बैठक व्यवस्था भी नही था भवन भी जर्जर हालत में था। यहां पोस्टमार्टम, विभिन्न आपराधिक मामलों की फॉरेंसिक जांच विषाक्तता मामलों का परीक्षण व अन्य कार्य इसके जिम्मे आते हैं।

इन सभी कार्यों के लिए विशेषज्ञता और समय की आवश्यकता होती है। जिसे देखते हुए नए भवन विगत दो वर्षों से बनकर तैयार था जिसे आज लोकार्पण किया गया। समिति के अध्यक्ष शंकर गांधी ने बताया कि मुक्तिधाम में रचनात्मक ऐतिहासिक कार्य अपना वास्तविक स्वरूप में दिखाई देने लगा है।

सुशासन दिवस पर आज होगा भव्य आयोजन कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 'सुशासन दिवस' पर 25 दिसंबर को जिले में भव्य आयोजन होगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी ली और शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी अटल चौक और ग्राम पंचायत में गरिमामयी ढंग से कार्यक्रम का आयोजन कर सुशासन दिवस मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्डवार स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और कहा कि नोडल अधिकारी अपने निर्धारित गांव में जाकर जमीनी स्तर पर आवास निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लें। साथ ही जो हितग्राही आवास बनाना प्रारंभ नहीं कर पाए हैं, उनसे कारणों की जानकारी लें और उन्हें जल्द शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के आरक्षण के लिए दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित तिथि को नियमानुसार आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करने और चुनाव के लिए आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करने हेतु सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे साक्षरता अभियान की जानकारी ली और उल्लास पोर्टल में शिक्षार्थियों और स्वयंसेवी शिक्षकों की एंट्री में तेजी लाते हुए एक सप्ताह के भीतर पूर्ण के निर्देश दिए।

संगीतमयी श्री राम कथा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय सोमचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में विगत 14 वर्षों से संगीतमयी श्री राम कथा श्री राम भागवत कथा एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष पुणे संगीत में श्री राम कथा का आयोजन नगर भवन बाजार में आयोजित किया गया है सुबह 12:00 कलश यात्रा बजरंग चौक से प्रारंभ होकर शहर के सदर बाजार नेहरू चौक गांधी चौक होते हुए नगर भवन पहुंची महिलाएं पीलासाड़ी धारण की थी सर पर कलश लिए राम धुन गाते हुए चल रही थी जगह-जगह कलश यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया कथा वाचन मानस विदुषी देवी चंद्रकला अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश से आई लोगों ने उनका फूलों से स्वागत किया राम कथा मंगलवार को श्री राम कथा महिमा बुधवार को शिव पार्वती विवाह गुरुवार को श्री राम जन्म उत्सव सीताराम विवाह उत्सव शनिवार को वन गमन केवट संवाद रविवार को भरत चरित्र सोमवार को लंका दहन एवं श्री राम राज्य अभिषेक किया जाएगा। कलश यात्रा में कैबिनेट मंत्री टंक रामजी वर्मा विजय केसरवानी नरेश केसरवानी डॉक्टर सनम जांगड़े योगेश अग्रवाल राजेश वर्मा आलोक अग्रवाल पुरुषोत्तम सोनी गणेश जायसवाल नीलम सोनी रजनी केसरवानी सुनीता वर्मा एवं बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे

बजाज फिंसर्व एएमसी पेश करते हैं 'बजाज फिसर्व इएलएसएस टैक्स सेवर फंड'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बजाज फिन्सर्व एएमसी 'बजाज ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड', 3 वर्षीय वैधानिक लॉक इन अवधि और कर लाभों के साथ इक्विटी से जुड़ी एक ओपन एंडेड योजना, की शुरुआत की घोषणा करते हैं। यह फंड 24 दिसम्बर 2024 को सदस्यता के लिए खुल जाएगा और 22 जनवरी 2025 को यह बंद हो जाएगा। यह फंड ईक्विटी में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि में कर लाभ और पूँजी निर्माण के दोहरे लाभ का लक्ष्य रखता है। यह योजना उन निवेशकों के लिए लाभप्रद है जो दीर्घावधि में महत्वपूर्ण पूँजी लाभ का लक्ष्य रखते हैं और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 सी के अंतर्गत कर लाभ प्राप्त करते हुए इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों में निवेश करना चाहते हैं। यह योजना बीएसई 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष बेंचमार्क की गई है। धारा 80 सी के अंतर्गत उपलब्ध सभी कर-बचत साधनों के बीच अपनी 3 वर्षीय लॉक इन अवधि के साथ ईएलएसएस का लॉक इन समय सबसे कम है। इसकी तुलना में पीपीएफ एनएससी, या कर-बचत करने वाले बैंक एफडीकी लॉक इन अवधि 5-15 वर्ष होती है। इस तरह इस योजना के दीर्घावधि में होने वाले दोहरे लाभ कर बचत और महत्वपूर्ण पूँजी निर्माण इस योजना को ऐसे दीर्घावधि निवेशकों के लिए उचित बनाते हैं जो इक्विटी से पूँजी निर्माण करना चाहते हैं। साथ ही, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किफायती और अनुशासित किस्तें चुकाने की सुविधा ईएलएसएस को वेतनभोगी लोगों और प्रथम बार निवेश करने वालों के लिए एक आकर्षक चुनाव बनाती है। बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश मोहन कहते हैं।

खण्डसरा गांव के घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

जल जीवन मिशन से महिलाओं को मिल रही राहत

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

जिले से लगभग 34 किलोमीटर दूरी पर स्थित फरसगांव विकासखंड का ग्राम खण्डसरा जहां की आबादी 621 है, जो आज विकास और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। कभी इस गांव के लोगों के लिए पानी का मुख्य स्रोत हैंडपंप थे। पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत खण्डसरा गांव की तस्वीर बदल रही है। और इस मिशन के तहत आज हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल 110 घरों में पहुंचाया जा रहा है। जिससे अब हर घर में नल का पानी उपलब्ध है। इस कदम ने गांव को हर घर जल ग्राम का दर्जा दिलाया है।

महिलाओं के जीवन में आया बदलाव- इस योजना ने गांव की महिलाओं के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। पहले पानी लाने में महिलाओं को बहुत समय और मेहनत लगती थी। सुबह का अधिकांश समय पानी लाने में बीत जाता था, जिससे उनके स्वास्थ्य और अन्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। लेकिन अब हर घर नल कनेक्शन के कारण पानी की समस्या समाप्त हो गई है। महिलाओं ने बताया कि इस योजना से न केवल उनका समय बचा है, बल्कि अब वे अन्य कार्यों को भी समय पर पूरा कर पा रही हैं। गांव में जल वाहिनी नामक समूह का गठन किया गया है, जिसमें महिलाओं को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। निमेश्वरी, शांति, लच्छतीन, सरस्वती और राजबती जैसी महिलाएं जल जांच का कार्य कर रही हैं, जिससे गांव के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। जल जीवन मिशन ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर गंदे पानी से होने वाली बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव में हर घर शुद्ध पेयजल से दूषित पानी पीने की समस्या का समाधान हुआ है। जिससे जल जनित रोगों के मामलों में कमी आई है। यह योजना न केवल ग्रामीणों के स्वस्थ जीवन के लिए कारगर साबित हो रहा है, बल्कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को भी आसान बना रही है।

ग्रामीणों ने जताया आभार- गांव के लोगों ने जल जीवन मिशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, पहले पानी की कमी एक बड़ी समस्या थी। लेकिन अब हर घर में नल कनेक्शन होने से जीवन सरल हो गया है। गांव की शांतिबाई ने बताया, पहले हमें दूर से पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में यह काम और भी कठिन हो जाता था। अब नल कनेक्शन के कारण यह समस्या समाप्त हो गई है। हमारे बच्चे अब बिना किसी रुकावट के स्कूल जा पाते हैं, और हम महिलाएं अन्य कार्यों में समय लगा पाती हैं। गांव के सरपंच नारायण नाग ने बताया कि, जल जीवन मिशन ने हमारे गांव में समस्याओं का समाधान करके ग्रामीणों के जीवन को आसान और सुखद बना दिया है।

पहले जहां पानी के लिए माहिलाएं, बच्चों और बुजुर्गों को मुश्किलें झेलनी पड़ती थीं, वहीं अब हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। इस योजना से न केवल जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं बल्कि सभी की खुशी और संतुष्टि में भी वृद्धि हुई है। खासकर महिलाएं और बच्चे अब पानी के लिए दूरदराज नहीं जाते, जिससे उनका समय बच रहा है। यह सरकार की एक अद्वितीय पहल है जिसने हमारे गांव के लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने का अवसर दिया है। ग्रामीणों ने इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन ने हमारी जरूरतों को समझा और इस महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से हमें राहत दी।

सेनहाइज़र ने लॉन्च किया प्रोफाइल वायरलेस: क्रिएटर का ऑडियो मल्टीटूल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कंटेंट बनाते समय, तैयारी और लचीलेपन के साथ साथ एक बहुमुखी वायरलेस ऑडियो सिस्टम भी ज़रूरी है जो ऑडियो क्वालिटी से समझौता किए बिना आसानी से और तेज़ी से ध्वनि कैप्चर करने में आपकी मदद करता है। क्रिएटर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए, सेनहाइज़र ने प्रोफाइल वायरलेस लॉन्च किया, जोकि दो-चैनल, 2.4 गीगाहर्ट्ज़ वायरलेस माइक्रोफ़ोन सिस्टम है जो मोबाइल फोन, कैमरा या कंप्यूटर से कनेक्ट होता है, और इसे क्लिप-ऑन माइक, हैंडहेल्ड माइक या टेबल-टॉप माइक्रोफोन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो भी स्थिति की मांग हो। प्रोफाइल वायरलेस में अभूतपूर्व आसानी से उपयोग के साथ उच्च-गुणवत्ता वाले ऑडियो को कैप्चर करने के लिए सब कुछ शामिल है। इसमें एक मल्टी फंक्शनल चार्जिंग बार है जो सिस्टम के प्रमुख कंपोनेंट्स को संग्रहीत और चार्ज करता है और हैंडहेल्ड या डेस्कटॉप माइक के रूप में भी काम करता है। चार्जिंग बार सुरक्षित रूप से OLED टच डिस्प्ले के साथ दो-चैनल मिनी-रिसीवर, दो प्री-पेयर्ड क्लिप-ऑन माइक्रोफोन रखता है जो ऑटोमेटिकली रिसीवर से कनेक्ट होते हैं, नाजुक कपड़ों से जुड़े माइक्रोफोन को संलग्न करने के लिए चुंबकीय क्लिप्स होते हैं, और रिसीवर को मोबाइल फोन या कैमरे के कोल्ड शू माउंट से जोड़ने के लिए एडाप्टर्स होते हैं।

जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज में एल्युमनी मीट का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एल्युमनीएसोसिएशन द्वारा एल्युमनी मीट-2024 का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पुराने और नये विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें महाविद्यालय के प्रथम बैच 1963 के तीन विद्यार्थी डॉ. रविशंकर नायक, डॉ. सुब्रत बोस, डॉ. सुरेन्द्र अहलुवालिया, 1965 बैच के डॉ. हरीश दुआ 1966 बैच के डॉ. सुबीर मुखर्जी के अलावा विभिन्न बैच के अलावा नये विद्यार्थी भी शामिल हुए। शिक्षकों में भी पूर्व डीन डॉ. पी.के. मुखर्जी, डॉ. के. सुदर्शन, डॉ. श्रीमती वी. सुदर्शन, डॉ. सुपर्णा शास्त्री, डॉ. छाया बैनर्जी उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के दिवंगत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। डॉ. मानिक चटर्जी ने एसोसिएशन के गठन एवं इनके कार्यो की जानकारी दी। इस वर्ष संघ द्वारा प्रथम वर्ष के गरीब विद्यार्थियों को सभी विषय की किताबें दी गई। महाविद्यालय के पांचों वर्ष में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किया जा रहा है। हड़ताल पर चल रहे आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता जूनियर डॉक्टर संघ को भी आर्थिक सहायता दी गई। महाविद्यालय की विश्वविद्यालयीन परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्धार्थी अनुस्का दुबे, सौम्या सिन्हा, वीरापानिनी श्रुति, अली असगर नकवी, निहारिका पाल को मंच पर उपस्थित डॉ. पी.के.मुखर्जी, डॉ. के. सुदर्शन, डॉ. रविशंकर नायक, डॉ. सुब्रत बोस, डॉ. सुरेन्द्र अहलुवालिया एवं डॉ. सुबीर मुखर्जी ने स्वर्णपदक प्रदान किये।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों ने गायन और आकर्षण एकल युगल एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के पुराने छात्रों में डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. सजल सेन, डॉ. शद पाटनकर, डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. रवि शुक्ला, डॉ. तृप्ति नागरिका, डॉ. अजय गोवर्धन, डॉ. गजेन्द्र दाऊ, डॉ. देवेन्द्र नायक ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी।

डॉ. देवेन्द्र नायक ने गीत खइके पान बनारस वाला ने ऐसा शमां बांधा की उपस्थित नये एवं पुराने विद्यार्थी मंच के सामने आकर नाचने लगे। डॉ. देवेन्द्र के साथ मंच पर उनके सीनियर डॉ. सुनीन खेमका भी बड़ी गर्मजोशी से नृत्य करते हुए दिखाई दिये। कार्यक्रम का एवं अन्य आकर्षण भोपाल से आई डॉ. सुषमा निगम ने गीत के साथ अपने नृत्य की प्रस्तुति दी। इस उम्र में भी उनमें जबर्दस्त उत्साह था। वो विद्यार्थियों के साथ हर प्रस्तुति में जम कर थिरकी।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. विनित जैन ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बताया कि हर वर्ष दिसंबर के तीसरे सप्ताह में ये आयोजन होता रहेगा।

नवा रायपुर में बनेगी आधुनिक सुविधा युक्त मेडिसिटी

छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में पहचान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नवा रायपुर को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रोजेक्ट है नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना करना। इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपनी तरफसे प्रयास करना शुरू कर दिया है।यह आधुनिकतम मेडिसिटी लगभग 200 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर 37 में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग 5,000 बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। राज्य शासन द्वारा इस परिकल्पित मेडिसिटी प्रोजेक्ट को भविष्य में प्रधानमंत्री मेडिसिटी योजना से जोड़े जाने की योजना प्रस्तावित है। मेडिसिटी की स्थापना के लिए हाल ही में केंद्र सरकार के उपक्रम इंफ्रांटेक सर्विसेस लिमिटेड के साथ नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने प्रारंभिक समन्वय बैठक की है। बैठक में मेडिसिटी परियोजना को साकार किये जाने हेतु महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है। यह सर्व सुविधायुक्त मेडिसिटी न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि निकटवर्ती राज्यों के नागरिकों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी। उक्त मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टीस्पेसिलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल तथा वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है। इसके लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन हेतु भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। नवा रायपुर अटल नगर में एयरपोर्ट के निकट इस मेडिसिटी के विकास से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

आयुक्त ने सड़क डामरीकरण कार्य की प्रगति देखी, गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत जारी सड़क डामरीकरण के नए विकास कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण राजधानी शहर में नगर घड़ी गुरू घासीदास टाइम स्क्वायर के सामने एवं नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के बाजू में सड़क मार्ग में पहुंचकर किया। आयुक्त ने कार्य को सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर की ओर से अपील की

कि नए सड़क डामरीकरण कार्य वाले मार्गो में अपनी कार, बाइक, गाड़ी आदि को ना धोयें, कारण कि ऐसा करने पर सड़क डामरीकरण कार्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिससे नागरिकों को असुविधा होती है। आयुक्त ने चौबे कॉलोनी के करबला तालाब के किनारे समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्रस्तावित गार्डन के विकास एवं सौंदर्यीकरण योजना के स्थल को देखा। इस हेतु नगर निगम रायपुर द्वारा निविदा बुलवाई गयी है. निविदा प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात गार्डन का कार्य प्राथमिकता से प्रारम्भ करवाने की तैयारी के निर्देश दिए गए है।

राज्यपाल ने दी क्रिसमस की शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रभु यीशु के जन्मदिन क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज को प्रेम, करूणा, क्षमा एवं समानता का संदेश दिया। उन्होंने मानव सेवा और उनके कल्याण में अपना सारा जीवन समर्पित किया तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा करने एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की सीख दी। डेका ने कहा कि प्रभु यीशु के संदेश हमेशा समाज के लिए प्रेरक एवं अनुकरणीय रहेंगे।

रायपुर के निमोरा में जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण 30 को

रायपुर। राज्य के 33 जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण एवं प्रवर्गवार महिलाओं के स्थानों का आरक्षण 30 दिसम्बर को होगा। आरक्षण की यह कार्यवाही संचालक पंचायत द्वारा सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की आम सूचना का प्रकाशन संचालक पंचायत द्वारा 23 दिसम्बर को किया गया है। संचालक पंचायत द्वारा आरक्षण की कार्यवाही की जानकारी 30 दिसम्बर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रेषित की जाएगी।

पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण 28-29 को, कार्यक्रम घोषित

रायपुर। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 हेतु आरक्षण की कार्यवाही के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समय सारणी घोषित कर दी गई है। समय-सारणी के अनुसार 28 से 29 दिसम्बर तक जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन संबंधित जिलों के कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि इस संबंध में आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन संबंधित जिलों के कलेक्टरों द्वारा किया जा चुका है। आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर 29 दिसम्बर को कलेक्टरों द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास को जानकारी प्रेषित की जाएगी।

जिस धीमी रफ्तार से खरीदी हो रही 31 जनवरी तक लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी असंभव : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

धान खरीदी डेढ़ महीने पूरा हो गया है लेकिन अभी तक मात्र 67 लाख टन धान की खरीदी ही हो पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इसी रफ्तार से धान की खरीदी होगी तो 31 जनवरी तक जो धान खरीदी का जो लक्ष्य निर्धारित है 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी करने का वह पूरा हो पाना असंभव है अभी 29 लाख पंजीकृत किसानों में से बमुश्किल से 40 फीसदी किसान ही अपना धान बेच पाये है इस रफ्तार से खरीदी होगी तो सरकार पूर किसानों का धान नही खरीदेगी। जिस धीमी गति से धान खरीदी हो रही है ऐसे में 29 लाख किसानों से धान खरीदी सम्भव ही नही है। जब तक प्रतिदिन 60 हजार से अधिक किसानों से 4 लाख मिट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी नही होगी तब तक 160 लाख मिट्रिक टन का लक्ष्य पूरा नही होगा। सरकार अभी से धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की घोषणा करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 नवंबर को धान खरीदी शुरू हुई उस दिन से लेकर आज तक किसान टोकन, बारदाना की कमी, धान तौलाई में गड़बड़ी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने के साथ एक मुश्त 3100 रु प्रति क्विंटल की दर से भुगतान की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं विपक्ष लगातार धान खरीदी में अव्यवस्था को सुधारने की मांग कर रहा है। इसके बावजूद सरकार हठधर्मिता अपनाई हुई है रोज नए-नए समस्या उत्पन्न करके धान खरीदी में बाधा उत्पन्न कर रही है। सोसायटियों में बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वयं करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा।

श्रम मंत्री देवांगन ने 66 हजार श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर किए 48.82 करोड़

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के 66 हज़ार 952 श्रमवीरों और उनके परिवार जनों के सीधे खाते में 48.82 करोड़ की राशि डीबीटी के जरिए ऑनलाईन अंतरित की। इस अवसर पर सचिव सह श्रमायुक्त अलरमेलमंगई डी., अपर आयुक्त श्रम एस.एल. जांगड़े सहित श्रमिक उपस्थित थे। श्रम मंत्री देवांगन ने कहा कि विष्णुदेव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल व श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है की जनवरी से नवम्बर 2024 तक 46.59 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 334.28 करोड़ रूपए अंतरित किए जा चुके हैं। श्रम मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने नई दिल्ली में कल आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। श्रम मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा 01 जनवरी से 23 दिसंबर तक कुल 10 लाख 88 हजार श्रमिकों को 252 करोड़ से अधिक राशि वितरीत की गई व आज दिनांक 24 दिसंबर को 59 हजार 738 श्रमिकों को 37 करोड़ से अधिक की राशि वितरीत की जा रही है। असंगठित कर्मकार मण्डल द्वारा 01 जनवरी 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक कुल 43 हजार 703 श्रमिकों को 75 करोड़ से अधिक राशि वितरीत की गई व 24 दिसंबर को 5165 श्रमिकों को 7 करोड़ 90 लाख से अधिक की राशि वितरित की जा रही है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना के तहत कुल 3 लाख 88 हजार 238 निर्माण श्रमिकों का निःशुल्क पंजीयन कार्ड उपलब्ध किया गया है। मंत्री देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा 01 जनवरी 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक कुल 4 हजार 916 श्रमिकों को 2 करोड़ 38 लाख से अधिक राशि वितरीत की गई। आज 24 दिसंबर को 2 हजार 49 श्रमिकों को 1 करोड़ 01 लाख से अधिक की राशि वितरित जा रही है। इस प्रकार 66 हजार 952 श्रमिकों को 48 करोड़ 82 लाख रूपया जारी किया जा रहा है। इस प्रकार 01 जनवरी 2024 से 24 दिसंबर तक तीनों मण्डलों में पंजीकृत श्रमिकों में से कुल 12 लाख 4 हजार से अधिक श्रमिकों को 375 करोड़ से अधिक राशि का वितरण किया जा चुका है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत 27 लाख 72 हजार श्रमिक असंगठित कर्मकार मण्डल 18 लाख 47 हजार छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल 5 लाख 10 हजार इस प्रकार कुल पंजीकृत हितग्राही श्रमिक 51 लाख 29 हजार से अधिक है। सचिव श्रम अलरमेल मंगई ने स्वागत भाषण के दौरान बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इनका लाभ श्रमिकों और उनके परिजनों को मिल रहा है। पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के लिए छात्रवृत्ति का प्रावधान किया गया है। श्रमिकों को किफायतीदर पर भोजन उपलब्ध कराने शहीद वीर नारायण सिंह अन्नपूर्णा अन्न योजना संचालित की जा रही है।

25 Dec. 2024 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्ण
अंकित बाउण्ड्रीवॉल

अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, बिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
हेलमेट राइडिंग जैकेट राइडिंग ग्लव्स
राइडिंग पैंट राइडिंग जूता एसेसरीज

A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure

R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

VARGHESE BUILDERS

क्रिसमस एवं नववर्ष

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



BUY HOME
GET INCOME

Varghese Luxury
Furnished Flats Like Hotel Suit

AT VARGHESE WINGS
Dharampura Road Jagdalpur

VARGHESE BUILDERS
ENGNEERS & COLONISERS(REGD.)

PLOTS, FLATS & BUNGALOWS

Visit Website
varghesebuilders.com

7024020529, 9826365392

Wish you all peace & Joy Of Christmas
& Prosperous New Year 2025

MANAGEMENT, DEEPTI CONVENT HR. SEC. SCHOOL
(ENGLISH & HINDI MEDIUM)
AFFILATION NO.-3330205, SCHOOL CODE-15066
ADDRESS :- AGHANPUR, JAGDALPUR, DIST-BASTAR

CHRIST COLLEGE OF NURSING
JAGDALPUR

Admission Open
B. Sc Nursing

- Recognized by Indian Nursing Council New Delhi.
- CG Nursing Council, Raipur.
- Approved by Govt. of Chhattisgarh.
- Affiliated to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Science and Ayush University

Contact Us
98127946906, 9179128591, 9977959970
www.christnursing.com christnursing.jdgp@gmail.com

24X7 Casualty

SMC MPM
CARDIAC CENTRE
BASTAR REGION
1st CARDIC CATH LAB

Facilities

- 24 Hour Pharmacy
- Ambulance Service
- Ayushman Bharat
- Blood Centre
- Cath Lab
- C-arm
- Dental Care
- Department ICU
- Dialysis
- Digital X-Ray
- ECG
- ECHO
- Fully Computerized Lab
- Laparoscopy Surgery
- Modern Eye Surgery
- NICU
- Physiotherapy
- Private Room Ac/Non-AC
- Sonography
- Ultra Sound

MPM BLOOD CENTRE
LICENCE NO.
CG/28-C-104/2023
JAGDALPUR(C.G.)
A Unit Of Shanti Service Society

Wish you Merry Christmas
&
Happy New Year

To Live the Life in Its Fullness

MPM HOSPITAL

Aghanpur, Jagdalpur Chhattisgarh 494001, Contact : (07782) 229030, 8109229030
Web : www.mpmhospitaljagdalpur.com, E-mail: mpmhospital@gmail.com

संकलनकर्ता – रमेश पाण्डे, ब्यूरोचीफ जगदलपुर, मोबाईल नंबर :- 94061-54682

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403